दैनिक सिटी दर्पण
दैनिक सिटी दर्पण समाचार पत्र के साथ जुड़ने का सुनहरी अवसर
जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर पत्रकारिता में रूचि रखने वाले संवाददाताओं की हो रही है भर्ती
अपना बायोडाटा कृप्या निम्नलिखित पते पर भेजें:
संपर्क करें: 9896791910, 7888450261
ई-मेल: citydarpan2@gmail.com

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का





RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265
Established 2003

चंडीगढ़। शुक्रवार, 31 मार्च, 2023 | वर्ष 21, अंक 74, मूल्यः 3 रुपए | www.citydarpan.com

# खेल के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी : मनोहर लाल

## हरियाणा के मुख्यमंत्री बोले- खेल स्टेडियमों में ग्राऊंडमैन व चौकीदार-सह-माली के पद शीघ्र भरे जाएंगे

**भूपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, जिनके पास खेल विभाग का कार्यभार भी है, ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन को देखते हुए अधिकारी हर प्रकार की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए बजट में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के रख-रखाव के लिए आवश्यकतानुसार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्मय से ग्राऊंडमैन व अन्य पदों को शीघ्र भरें।

मुख्यमंत्री वीरवार को यहां खेल विभाग की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने आईबीए महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली सुश्री नीतू घणघस व स्वीटी बूरा को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक खिलाड़ी, चाहे वह पदक विजेता है या किसी खेल में प्रतिभागी रहा है, उसकी पूरी जानकारी परिवार पहचान पत्र में उपलब्ध होनी चाहिए। कई योजनाओं का लाभ देने के लिए यह डाटा काफी कारगर है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठद्भूमि के पारम्परिक खेल जैसेकि कुश्ती, कबड्डी के लिए खेल प्रतिभाओं को तराशने वाले अखाड़ों संचालकों को भी सम्मानित करने की भी कोई योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने अपने बजट अभिभाषण में कुश्ती जगत में अखाड़ा संचालन में हरियाणा का नाम रोशन करने वाले मास्टर चंदगी राम के नाम से खिलाड़ियों के लिए स्पोर्टस पर्सन इंशयोरेंस बेनिफिट स्कीम की घोषणा भी की है।



बैठक में खेल निदेशक श्री पंकज नैन ने प्रस्तुतीकरण देते हुए मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि पंचकूला, फरीदाबाद व रोहतक में तीन राज्य स्तरीय खेल परिसर, 21 जिला खेल परिसर, 25 उप-मंडलीय स्टेडियम, 163 राजीव गांधी ग्रामी खेल परिसर तथा 245 गांवों में लघु /ग्रामीण खेल स्टेडियम हैं। विभाग का प्रयास है कि उभरते खिलाड़ियों को खेल की प्रकृति के अनुरूप खेल सुविधाएं उपलब्ध हों।इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का रख-रखाव भी उतना ही जरूरी है जितना कि खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम।

मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि विभाग की ओर से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अनुबंध आधार पर 202 जूनियर कोच, 254 ग्रांऊडमैन तथा 203 चौकीदार-सह-माली-सह-सफाई कर्मचारी भरने का प्रस्ताव है। हरियाणा पंचकूला में स्थापित की जा रही खेल अकादमी के लिए भी एक प्रबंधक, 8 प्रमुख कोच, तीन खेल फिजियोथेरेपिस्ट, एक डाईटिशियन तथा एक साइकोलॉजिस्ट की भी मांग भेजी गई है। वर्ष 2023-24 के लिए खेल विभाग का बजट 540.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 566.04 करोड़ रुपये किया गया है। खेल निदेशक ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि वर्ष 2023 तक 216 उत्कृष्टद्द खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी की नियुक्ति के लिए पेशकश की गई जिनमें से 179 खिलाड़ियों ने ज्वाइन किया है जबकि 2013-14 में केवल 41 खिलाड़ियों को ही नौकरी दी गई थी। उन्होंने बताया कि राज्य में 1100 खेल नर्सरियां संचालित हैं। खेल नर्सरी योजना को नए सिरे से अवधारित कर शैक्षणिक संस्थानों में हस्तांतरित किया जा रहा है। इसके लिए विभाग सरकारी व निजी संस्थानों से समन्वय स्थापित कर रहा है।प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को हर वर्ष खेल उपकरण व खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करने के लिए तीन लाख रुपये दिए जाएंगे ताकि ऊभरते खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा का युवावस्था में ही पता लगाया जा सकें। इसके अलावा, 24 आवासीय अकादमियां खोलने का भी प्रस्ताव है जिनमें 600 एथलीट, 12 खेलों की सुविधाएं दी जाएंगी। इन आवासीय अकादमियों में प्रत्येक खिलाड़ी को 400 रुपये प्रतिदिन खुराक भत्ता दिया जाएगा। बैठक में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री डी.एस.ढेसी, खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजाशेखर वुण्डरु, मुख्यमंत्री के उप-प्रधान सचिव श्री के.एम.पाण्डुरंग, हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई, सोनीपत के कुलपति श्री एस.एस.देशवाल व अन्य वरिष्ठद्द अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हरियाणा की बेटियों ने खेलों में फिर लहराया जीत का परचम, सीएम ने दी बधाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा की बेटियों ने खेलों में एक बार फिर परचम लहराते हुए हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित आईबीए महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर पंच लगाया। हरियाणा की दोनों मुक्केबाज सुश्री नीतू घणघस व स्वीटी बूरा ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ स्थित अपने संत कबीर कुटीर आवास पर एक कार्यक्रम में इन दोनों खिलाड़ियों को 40-40 लाख रुपये का चैक तथा हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम के अंतर्गत ग्रुप बी की नौकरी का ऑफर लेटर की पेशकश भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हर हरियाणावासी के लिए गर्व की बात है कि विगत कई वर्षों से हरियाणा की बेटियों ने खेलों में न केवल हरियाणा का बल्कि भारत का नाम रोशन किया है। हरियाणा सरकार भी खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ खिलाड़ियों का भविष्य सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियमों के तहत नौकरी प्रदान कर रही है। इस अवसर पर खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजा शेखर वुण्डरु, खेल महानिदेशक श्री पंकज नैन व खेल विभाग के अन्य वरिष्ठद्द अधिकारी तथा दोनों खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

## पाक में तालिबानी आतंकियों के हमले में चार पुलिस वालों की मौत



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**इस्लामाबाद।** आतंकवाद से बुरी तरह जूझ रहा पाकिस्तान एक बार फिर आतंकी हमले का शिकार हुआ है। बता दें कि उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकियों ने एक पुलिस वैन को निशाना बनाया, जिसमें एक पुलिस अधिकारी समेत चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं छह पुलिसकर्मी इस हमले में घायल हुए हैं। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान ने ली है।

खबर के अनुसार, घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की है, जहां के लक्की मरवात जिले में एक पुलिस वैन गुरुवार सुबह सद्दार पुलिस स्टेशन की तरफ जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे आतंकियों ने पुलिस वैन पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस गोलीबारी में एक डीएसपी समेत चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस की जवाबी कारवाई के बाद आतंकी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

## रामनवमी पर इंदौर में मंदिर की बावड़ी की छत ढही, 12 की मौत

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**इंदौर।** इंदौर के स्नेह नगर के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के मौके पर भारी संख्या में लोग दर्शन के लिए आए थे। उसी दौरान बावड़ी के ऊपर की छत अचानक ढह गई और लगभग 25 लोग बावड़ी में गिर गए।

फिलहाल, घायल हुए लोगों को बचाने का काम जारी है। निगम अफसरों के मुताबिक, बावड़ी 40 फीट गहरी है, उस पर लोहे की जाली थी। इसकी चौड़ाई एक कमरे के बराबर है। लोहे की जाली पर स्लैब डालकर इसका निर्माण किया गया था। हवन के दौरान बावड़ी की छत पर ज्यादा लोगों के होने से जाली टूट गई और हादसा हो गया।



इस हादसे के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तंग गलियां होने से राहत कार्य में थोड़ी परेशानी आ रही है। एंबुलेंस व 108 की गाड़ी निकलने में भी परेशानी हो रही है। बावड़ी में गिरे कुछ लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया है। कलेक्टर और प्रशासन की टीम सूचना मिलते ही यहां पहुंच गए।

इंदौर के जिला कलेक्टर इलैयाराजा टी ने कहा 19 लोगों को बचाया गया है। अगले 30 मिनट में अन्य लोगों को बचाया जाएगा। हमारा ध्यान सबसे पहले बचाव कार्यों पर है।

घटनास्थल की स्थिति काफी खराब है। हादसे का शिकार हुए लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बावड़ी में से महिला और बच्ची समेत 19 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। अन्य लोगों के लिए ऑक्सीजन सप्लाई की गई है। हादसे के बाद से ही लोगों में काफी आक्रोश है। अब तक कई बच्चे और महिलाएं बावड़ी में ही फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में अबतक 12 लोगों की मौत भी हो गई है। अधिकारियों से साथ संपर्क में सीएम चौहान

भोपाल में वरिष्ठ अफसरों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सीएम अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। सीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों को बचाव कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, इंदौर जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क में है। बताया जा रहा हैं कि लगभग 25 इसमें गिरे थे, जिसमें ज्यादातर महिलाएं थीं।

बावड़ी हादसे को लेकर पीएम मोदी ने भी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा, इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। सीएम शिवराज चौहान जी से बात की और स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार बचाव और राहत कार्य में तेजी से आगे बढ़ रही है। मेरी प्रार्थना उन सभी प्रभावितों और उनके परिवारों के साथ है।

## रतिया की आस्था जिन्दल ने किया देश में टाप

### उड़ीसा सरकार से मिला लाख का पुरस्कार




**रतिया, ( सौरव सिंगला )।** रतिया की होनहार बेटी आस्था ने उड़ीसा सरकार द्वारा आयोजित लोगों बनाओ प्रतियोगिता में देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सर्वसमाज सभा के अध्यक्ष सतपाल जिन्दल की पौत्री आस्था जिन्दल की इस उपलब्धि पर उड़ीसा सरकार द्वारा प्रमाण पत्र व एक लाख रुपये की राशी देकर सम्मानित किया गया है। आस्था जिन्दल की इस उपलब्धि पर आखिल भारतीय अग्रवाल महासभा, आखिल भारतीय अगवाल सम्मेलन, लायन्स कल्ब, रोटरी कल्ब वरिय नागरिक मंच सहित अनेक पञ्चाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई है। सतपाल जिन्दल के निवास स्थान रतिया में तथा आस्था जिन्दल के पिता प्रवीण जिंदल के निवास पंचकुला में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## फिलिपींस में 250 लोगों से भरी नांव में लगी आग, 31 मौत, 7 लोग लापता

**नई दिल्ली।** दक्षिणी फिलिपींस में 250 लोगों से भरी एक नांव डूब गई। जिसमें 31 लोगों की मौत हो गई। गवर्नर ने बताया कि आग लगने के कारण नांव डूब गई थी। हादसे में 31 लोगों की मौत हुई है, वहीं 7 लोग अब भी लापता है। बेसिलन के दक्षिणी द्वीप के गवर्नर जिम हाटामन ने कहा कि आग के कारण कुछ लोग घबरा कर पानी में कूद गए थे, जिन्हें नौसेना और मच्छुआरों सहित अन्य दल की मदद से बाहर निकाल लिया गया। जबकि, 7 लोग अब भी लापता हैं। इनकी सर्चिंग की जा रही है। हटामन ने बताया कि जली हुई नांव को बसिलन के तट पर लाया गया। यहां नांव के एक केबिन से 18 लोगों की लाश बरामद की गई। हटामन ने कहा कि आग लगने की जांच की जा रही है। हालांकि, जानकारी मिली है कि नांव पर अतिरिक्त पैसेंजर जिनकी जानकारी नहीं दी गई थी। नांव जांबोआंगा से सुलू के जोलो शहर जा रही थी। आग लगने के कारण नांव में हंगामा हुआ तो कुछ लोग घबराकर पानी में कूद गए। हादसे में करीब 23 लोग घायल हुए हैं।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रामनवमी के अवसर पर श्री माता मनसा देवी मंदिर में किए दर्शन



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज राम नवमी के अवसर पर पंचकूला में ऐतिहासिक श्री माता मनसा देवी मंदिर में माता मनसा देवी के दर्शन किए और महामाई का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए कामना की। श्री मनोहर लाल ने श्री माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में मंत्रोंच्चारण के बीच हवन में भाग लिया तथा यज्ञ में आहूतियां डाली। पूजा-अर्चना करने के बाद मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में आयोजित रक्तदान जागरूकता शिविर का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री रक्तदाताओं से भी मिले और बैच लगाकर उनका हौंसला बढ़ाया।

इसके उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नौंवे और अंतिम नवरात्रि के अवसर पर उन्होंने माता के चरणों में पूरे प्रदेश की जनता के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कामना की है कि प्रदेश की जनता पर किसी प्रकार का कष्ट न आए। मुख्यमंत्री ने कहा की आज यहां आकर उन्हें माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड द्वारा किए गए अनेक विकास कार्यों की भी जानकारी मिली है। यहाँ की कार्यकारिणी और बोर्ड के सदस्य ने उन्हें बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर वर्ष बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि माता मनसा देवी मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की श्रद्धा लगातार बढ़ रही। इस मंदिर के साथ साथ काली माता मंदिर कालका और चंडी माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है ।

- मंत्रोंच्चारण के बीच हवन में लिया भाग, यज्ञ में डाली आहूतियां
- दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की भी करी समीक्षा

इस अवसर पर अंबाला के सांसद श्री रतन लाल कटारिया, श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य प्रशासक एवं उपायुक्त श्री महावीर कौशिक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

## हरियाणा में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

# मानव तस्करी के खिलाफ हरियाणा पुलिस सख्त, चलाएगी विशेष अभियान

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस अप्रैल माह में समस्त राज्य में मानव तस्करी के खिलाफ एक महीने का अभियान चलाएगी। इसके माध्यम से पुलिस का उद्देश्य मानव तस्करी के मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को मानव तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना है। पहली अप्रैल से 30 अप्रैल, 2023 तक चलने वाले इस अभियान में सेमिनार, कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल होंगी। इस दौरान हरियाणा पुलिस बचाव अभियान चलाते हुए मानव तस्करी के पीड़ितों को पुनर्वास प्रदान करने के लिए गैर सरकारी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगी।



डीजीपी प्रशांत कुमार अग्रवाल ने कहा कि मानव तस्करी एक जघन्य अपराध है जो देश में हर साल हजारों लोगों को प्रभावित करता है। राज्य ने हाल के वर्षों में मानव तस्करी के कई मामलों का खुलासा किया है और हरियाणा पुलिस इस खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मानव तस्करी के खिलाफ महीने भर चलने वाला अभियान इस अपराध से निपटने के हमारे चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। हम अपने नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इस अपराध को अंजाम देने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।

हरियाणा पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे मानव तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को उसके आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मुखबिर की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। फील्ड यूनिट्स को भेजे गए संदेश में सभी एसपी और डीसीपी को अभियान चलाने के लिए कहा गया है। सीपी और आईजी/एडीजी रेंज साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करेंगे। लापता बच्चों और वयस्कों की संख्या का पता लगाने और भिखारियों और मजदूरों को बचाए जाने पर महीने के अंत में फील्ड इकाइयों के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। इस दिशा में, पुलिस गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों की फिर से जांच करेगी और आस-पास के राज्यों में आश्रयों और बाल गृहों में पुलिस टीमों को यह देखने के लिए भेजेगी कि उनमें से कोई वहां रह रहा है या नहीं। गुमशुदा बच्चों के मामले धारा 363-366 आईपीसी के तहत दर्ज किए जाते हैं, जबकि लापता वयस्कों के मामले 346 आईपीसी के तहत दर्ज किए जाते हैं।

हरियाणा पुलिस ने वर्ष 2022 में, 3379 लापता महिला और 6340 पुरुष वयस्कों का पता लगाया। साथ ही, लापता 1144 लडकों और 1426 लड़कियों को भी बरामद किया। इसके अतिरिक्त, इसने 41 बंधुआ मजदूरों को भी मुक्त कराया। इसी अवधि में, राज्य अपराध शाखा की 22 एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) ने लापता 316 पुरुष वयस्कों और 373 महिलाओं का पता लगाया। साथ ही, वर्ष के दौरान लापता हुए 313 लडकों और 227 लड़कियों का भी पता लगाया। इसके अतिरिक्त, 2022 में 639 पुरुष और 294 महिला भिखारियों और 1300 पुरुष और 52 महिला बंधुआ मजदूरों को बचाया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, लापता व्यक्ति का मामला आगे की जांच के लिए राज्य अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया जाता है, अगर यह जिले में चार महीने से अधिक समय तक अनसुलझा रहता है। अभियान के माध्यम से, हरियाणा पुलिस का लक्ष्य महिला एवं बाल कल्याण विभाग, अन्य राज्य पुलिस और गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर बिछुड़ों को उनके प्रियजनों के साथ फिर से जोड़ते हुए परिवार में मुस्कान वापस लाना है।

## अमेरिका में ट्रेनिंग के दौरान सेना के दो हेलीकॉप्टर टकराए

**नई दिल्ली।** अमेरिका में सेना की ट्रेनिंग के दौरान दो अत्याधुनिक लड़ाकू हेलीकॉप्टर ब्लैक हॉक दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। इसमें कई लोगों की मौत की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये हेलीकॉप्टर केंटकी में उड़ रहे थे, इसी दौरान दोनों आपस में टकरा गए। ब्लैक हॉक फ्रंट लाइन यूटिलिटी हेलीकॉप्टर है, जिसे अमेरिका ने वियतनाम युद्ध के बाद तैयार किया। दुनियाभर में अमेरिका के कई मित्र देशों की स्पेशल फोर्सेस इस तरह के हेलीकॉप्टर इस्तेमाल करती हैं।

P.S
Parveen Sharma
+91 9888888464
+91 9501111080
PS Enterprises | Cartridge Refill Station
P.S ENTERPRISES
Deals in Refiling HP, Samsung, Canon, Brother, Xerox, DMP, Laser Printer Toner & Cartridges Through Machine
Sales : Tonner Cartridges, Printers Ink Cartridges, DOT Matrix Ribbon
SCO 80-81-82, First Floor, Sector 34-A, Chandigarh-160022 | Ph.: 0172-5018081, (M) : 9888888464, 9501111080-81
Email : psechd@gmail.com | psemkt@gmail.com

# धान की वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित कर रही मान सरकार, कपास सहित अन्य फसलों का होगा बीमा

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खरीफ की फसलों को लेकर अपना एजेंडा किसानों के साथ साझा किया



दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** धान की वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित करने के इरादे से पंजाब सरकार इन फसलों को लगाने में आ रही अड़चनों को दूर करेगी। कपास सहित कुछ फसलों को फसली बीमा योजना के अधीन लाने के अलावा बासमती का रेट निर्धारित किया जाएगा और अगर अगर रेट इससे नीचे गया तो फसल को सरकार खरीदेगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक वीडियो जारी करके कहा कि कपास सहित कुछ फसलों को फसली बीमा के अधीन लाया जाएगा ताकि किसानों को गुलाबी सुंडी या चिट्टी मक्खी से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज खरीफ की फसलों को लेकर अपना एजेंडा किसानों के साथ साझा करते हुए कहा कि सरकार धान की वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित करने की इच्छुक है। इसके लिए मैंने मुख्य सचिव की अगुवाई में एक कमेटी का गठन किया है जो स्टडी करके बताएगी कि धान के अलावा और कौन सी फसलें हैं जो उगा सकते हैं। यह कमेटी उन्हें रिपोर्ट देगी। भगवंत मान ने कहा कि पहले पंजाब में तरह तरह की फसलें हुआ करती थीं लेकिन धीरे धीरे हम केवल धान और गेहूं पर आ गए हैं जिससे कई तरह की समस्याएं हमारे सामने आ खड़ी हुई हैं। इससे पंजाब का 80 फीसदी क्षेत्र में भूजल का गिर गया है। हमें बिजली का अतिरिक्त प्रबंध करना पड़ता है।

### हर किसान के खेतो में पहुंचेगा पानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों ने उन्हें किसान मिलनी के दौरान बताया था कि अगर एक अप्रैल को नहरों में पानी छोड़कर इसे टेल एंड तक पहुंचा दिया जाए तो कपास का रकबा बढ़ सकता है क्योंकि इस दौरान लगाई गई कपास का पौधा मजबूत हो जाता है। कीट उस पर हमला कम करते हैं।

### पानी रोकने वालों पर है नजर

सीएम मान ने किसानों को भरोसा दिया कि एक अप्रैल तक सभी टेलों पर पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले रसूखदार किसान बड़े राजनीतिक लोगों से सांठ-गांठ करके और खालों के मोगे बड़े करवाकर ज्यादातर पानी ले जाते थे। मैंने सभी डिप्टी कमिश्नरों, जिला पुलिस प्रमुख और विजिलेंस के अधिकारियों पर ऐसे लोगों पर नजर रखने को कहा है। यही नहीं, किसानों को कपास के बीज पर 33 फीसदी सब्सिडी भी दी जाएगी।

### बासमती का भाव होगा सुनिश्चित

कपास के अलावा बासमती को एक और बेहतर विकल्प बताते हुए कहा कि मार्कफैड को बासमती का भाव सुनिश्चित करने को कहा है अगर इस रेट से बाजार में रेट नीचे जाएगा तो सारी बासमती मार्कफैड की ओर से खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसा बासमती को विदेशों में निर्यात के समय दिक्कत न आने के लिए किया जा रहा है।

### सीएम ने की किसानों से ये अपील

भगवंत मान ने कहा कि पिछले साल मूंग की फसल को प्रोत्साहित किया गया। लेकिन विशेषज्ञों ने जानकारी दी है कि इसे कपास के रकबे में न लगाया जाए इसलिए मानसा, बठिंडा, मुक्तसर और फाजिल्का जिलों में इसे न लगाएं। मान ने कहा कि फसलों की देखरेख के लिए जहां 2500 किसान मित्र नियुक्त किए जाएंगे, वहीं 100 सुपरवाइजर लगाए जाएंगे।

## खालिस्तान समर्थकों की शर्मनाक हरकत: अमेरिका में भगवंत मान की बेटी से गाली-गलौज, बच्चों को परेशान करने का प्लान

**चंडीगढ़।** भारत के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे खालिस्तान समर्थक अमेरिका में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बच्चों का घेराव करने और उन्हें परेशान करने की योजना बना रहे हैं। यह भी खुलासा हुआ है कि खालिस्तान समर्थक अब शर्मनाक हरकतों पर उतर आए हैं। इन्होंने पंजाब सीएम भगवंत मान की बेटी सीरत कौर को फोन पर न सिर्फ धमकी दी बल्कि गाली-गलौज भी की है। यह खुलासा भगवंत मान की पूर्व पत्नी इंदरप्रीत कौर ने फेसबुक के जरिये किया है। पटियाला के एक वकील ने अपने फेसबुक अकाउंट पर सीरत कौर को खालिस्तान समर्थकों द्वारा धमकाने और अपशब्द कहे जाने संबंधी पोस्ट शेयर की। भगवंत मान की पूर्व पत्नी ने खुलासा किया कि अमेरिका के एक गुरुद्वारे में इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित किया गया है। प्रस्ताव में भगवंत मान के दोनों बच्चों का घेराव करने को कहा गया है। गौरतलब है कि मान की पूर्व पत्नी अपने दो बच्चों के साथ अमेरिका में ही रहती हैं। बता दें कि भगवंत मान अपनी पहली पत्नी से तलाक ले चुके हैं और उस विवाह से उनकी दो संतान- बेटी सीरत कौर मान और बेटा दिलशान मान हैं। पिछले साल 16 मार्च को दोनों अपने पिता के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लेने भारत आए थे।

## मोदी हटाओ देश बचाओ के पोस्टर लगाने पहुंचे मंत्री हरभजन ईटीओ




दर्पण न्यूज सर्विस

**जालंधर।** पंजाब और देश को भाजपा से खतरा बताते हुए गुरुवार को कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने जालंधर सेंट्रल एरिया में खुद पोस्टर लगाए। जालंधर में दीवारों पर पोस्टर चिपकाने की फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। ये पोस्टर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ थे, जिस पर लिखा था- मोदी हटाओ, देश बचाओ। इस मौके पर उनके साथ सेंट्रल हलके से विधायक रमन अरोड़ा मौजूद थे। इससे पहले हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि जब से देश में मोदी सरकार आई है, तब से विकास कार्य रुक गए हैं। मोदी सरकार सिर्फ दिखावे की है, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के लिए मोदी सरकार कुछ नया नहीं ला सकी है। पंजाब में माहौल खराब करने के लिए भाजपा और मोदी जिम्मेदार है जो एजेंसियों का इस्तेमाल कर हालात बिगाड़ रहे हैं। आप सरकार पर दोष लगाना चाहते हैं। ऐसी सरकार को देश चलाने का हक नहीं है जो लोगों के हितों की रक्षा करने के बजाए सरकारी विभागों में प्राइवेटाइजेशन कर नौकरियां खत्म कर रही है।

## ससुराल वालों से दुखी होकर युवक ने की खुदकुशी

**मानसा।** गांव बुर्ज हरी के एक नौजवान ने अपने ससुराल वालों से दुखी होकर खेत में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। थाना सदर पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके ससुराल परिवार के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। अजमेर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे राजू सिंह की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले भीखी की वीना रानी के साथ हुई थी। जिसके बाद घर में कलेश रहने लगा था। बीते दिनों उसके बेटे की ससुराल परिवार के सदस्यों ने मारपीट की। जिससे परेशान होकर उसके बेटे राजू सिंह ने खेत में जाकर फंदा लगा लिया। पुलिस चौकी ढूठियांवाली के इंचार्ज एएसआई कुलवंत सिंह ने बताया कि मृतक युवक के पिता अजमेर सिंह बयान पर पत्नी वीना रानी तथा ससुर बलविंदर सिंह के खिलाफ खुदकुशी के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपित अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

## सीएम हाउस की सुरक्षा में तैनात जवान ने की आत्महत्या

**दोस्त की शादी के लिए छुट्टी लेकर आया था घर**



दर्पण न्यूज सर्विस

**अबोहर।** सीएम हाउस की सुरक्षा में तैनात पंजाब पुलिस के कमांडो ने गुरुवार तड़के अपने अबोहर स्थित निवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमांडो पिछले काफी समय से मानसिक तौर पर परेशान था। घटना का पता चलते ही थाना नं. 1 की पुलिस ने उसके शव को सरकारी अस्पताल में रखवाया और परिजनों के बयान पर धारा 174 की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, पंजाब पुलिस का करीब 30 वर्षीय जवान कर्म सिंह पुत्र सुखदेव सिंह चंडीगढ़ स्थित सीएम हाउस की सुरक्षा में तैनात था। 27 मार्च को कर्म सिंह अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर अबोहर आया था। गुरुवार सुबह उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी राजवंत कौर ने बताया कि रात को वे कमरे में सोए हुए थे और सुबह करीब 3 बजे जब उसने देखा तो उसका पति बेड पर नहीं था। पास वाले कमरे में उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने अपने परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे एएसआई बहादुर चंद ने जवान के शव को उतरवाकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पत्नी ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। कर्म सिंह कबड्डी का नेशनल खिलाड़ी था और उसने राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार जीत कर पंजाब का नाम रोशन किया था।

## ट्रक की चपेट में आकर एक्टिवा सवार पति की मौत, पत्नी घायल

**बठिंडा।** शहर के वाल्मीकि चौक में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा सवार पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी घायल हो गई। मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने घायल पत्नी की शिकायत पर आरोपित ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को शिकायत देकर डबवाली रोड निवासी पिंकी पत्नी स्वर्गीय भूपिंदर सिंह ने बताया कि बीती 27 मार्च को वह अपने पति भूपिंदर सिंह के साथ एक्टिवा नंबर पीबी-04 जैड-5798 पर सवार होकर वाल्मीकि चौक की तरफ जा रहे थे। इस दौरान आरोपित गांव घाडके निवासी गुरदीप सिंह ट्रक नंबर पीबी-03 वाई-9571 तेज रफ्तार से लेकर आया और उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके 38 वर्षीय पति भूपिंदर सिंह की मौत हो गई, जबकि वह घायल हो गई। थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपित ट्रक चालक गुरदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शादी में आए युवक ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, चार माह के गर्भपात से बिगड़ी किशोरी की हालत



दर्पण नयूज सर्विस

**लुधियाना।** ग्यासपुरा की सम्राट कालोनी इलाके में आयोजित एक परिवार के घर शादी समारोह में आए युवक ने बहला फुसला कर नाबालिग को शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म कर लिया। अब 4 महीने का गर्भपात कराने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे पटियाला स्थित राजिंद्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पिता के अनुसार वहां उसे आईसीयू में वेंटीलेटर पर रखा गया है। अब थाना साहनेवाल पुलिस ने विकास शाह नाम के युवक पर दुष्कर्म तथा पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की है। एएसआई जसपाल सिंह ने बताया कि उक्त केस न्यू सम्राट कालोनी निवासी महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया।

### शादी का झांसा देकर बनाता रहा शारीरिक संबंध

पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि उसके 4 बच्चे हैं। करीब 5 दिन पहले उसकी सबसे बड़ी बेटी ने उसे बताया कि उसकी 17 वर्षीय छोटी बहन 4 महीने के गर्भ से है। आरोपित उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जसपाल सिंह ने बताया कि आरोपित का पूरा पता नहीं मिल सका है। फिलहाल पीड़िता की मां के बयान पर पर्चा दर्ज किया गया है। बच्ची जब बयान देने के लायक हो जाएगी तो उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बच्ची डर के मारे किसी को कुछ न बता सकी

दूसरी और नाबालिग के पिता ने बताया कि उसकी बेटी दसवीं की छात्रा है। करीब 4 महीने पहले उसके पड़ोसियों के घर में शादी थी। उसी शादी में आरोपित भी आया था। अपने साथ हुए दुराचार के बारे में बच्ची डर के मारे किसी को कुछ नहीं बताया। करीब 5 दिन पहले उसके पेट में दर्द शुरू हुआ। जिसके बाद उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें उसके गर्भवती होने के बारे में पता चला। वहां से उसे सिविल अस्पताल भेज दिया और वहां से पटियाला रेफर कर दिया गया।

## मारपीट के दो मामले आए सामने, 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**बठिंडा।** जिला पुलिस ने मारपीट के विभिन्न दो मामलों में 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक मामले में मारपीट करने की वजह मेले में धक्का लगना है, तो दूसरे मामले में घर के बाहर ट्रैक्टर खड़ा करने से रोका है। दोनों ही मामलों में थाना नेहियांवाला और बालियांवाली पुलिस ने घायल लोगों के बयान दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले मामले में थाना नेहियांवाला पुलिस को शिकायत देकर गांव बुर्ज महिमा निवासी प्रगट सिंह ने बताया कि बीती 29 मार्च को आरोपित हरविंदर सिंह, हरगोबिंद सिंह, राहुल, हरप्रीत सिंह निवासी गांव मता जिला फरीदकोट, मनीष, बलराज निवासी जैतो मंडी जिला फरीदकोट व एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर उसके चाचा अर्शदीप सिंह निवासी गांव बुर्ज महिमा को जान से मार देने की नियत से उसपर पर लाठियों आदि से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## गोइंदवाल जेल में विचाराधीन कैदी ने फंदा लगाकर दी जान



दर्पण नयूज सर्विस

**तरनतारन।** तरनतारन की गोइंदवाल केंद्रीय जेल में एक विचाराधीन कैदी ने आत्महत्या कर ली। सुसाइड करने वाले इस हवालाती पर बेदअदबी के आरोपों में कार्रवाई चल रही थी। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर स्थानीय गोइंदवाल थाने की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की पहचान तरनतारन के गांव मल्ल मोहरी निवासी बलविंदर सिंह के रूप में हुई है।

आरोपी ने गुरुवार सुबह गोइंदवाल साहिब जेल के अंदर फंदा लगा आत्महत्या की। फंदे पर हवालाती को लटकता देख सुरक्षा गार्ड तुरंत उसे सिविल अस्पताल तरनतारन लाए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हवालाती के खिलाफ आईपीसी 295 के तहत कार्रवाई चल रही थी। डीएसपी गोइंदवाल साहिब अरुण शर्मा ने बताया कि जेल प्रशासन की तरफ से एक हवालाती के सुसाइड करने की सूचना दी गई थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कार्रवाई शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**योजना**

**कपास के बीजों के लिए सब्सिडी देगी सरकार**

## एक अप्रैल से पुलिस पहरे में नहरों में छोड़ा जाएगा पानी



दर्पण नयूज सर्विस

**चंडीगढ़।** पंजाब में कपास और नरमा की बिजाई करने जा रहे किसानों को इस बार एक अप्रैल से नहरों के माध्यम से पानी मिलेगा। इतना ही नहीं पानी की चोरी रोकने के लिए पंजाब पुलिस व विजिलेंस की टीमें नजर रखेगी। विभिन्न जिलों में डीसी द्वारा गठित टीमें भी इस चीज की निगरानी करेगी। यह दावा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को जनता के नाम दिए संदेश में किया। मान ने कहा कि किसानों को फसलों के बीजों पर 33 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा फसलों को मक्खी और अन्य चीजों से बचाने के लिए पीएयू के माहिरों की मदद ली जाएगी। साथ ही किसानों की फसल खराब होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए फसल बीमा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

### बासमती के रेट गिरे तो सरकार करेगी खरीद

मुख्यमंत्री भगवंत ने कहा कि पिछले साल बासमती की फसल अच्छी हुई थी। इस बार भी इसको लेकर किसान उत्साहित है। लेकिन अंदेशा है कि अगर बासमती की खेती अच्छी होती है और उसके रेट गिर सकते है। ऐसे में सरकार ने मार्कफैड को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मार्कफैड नोडल एजेंसी के रूप में प्रोजेक्टर में काम करेगा। पहले मार्कफैड द्वारा रेट तय किए जाएंगे। अगर रेट उससे नीचे गिर जाते हैं तो सरकार बासमती खरीदेगी। किसानों को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। बासमती विदेशों में भेजी जाती है। वहां के मानकों पर हमारी बासमती पूरी उतरे इसके लिए चुगांवा व जालंधर में रिकमडेंशन व रिसर्च सेंटर बनाए है। इन सेंटरों द्वारा बताया जाएगा कि किसानों को कितने कीटनाशक प्रयोग करने है। मान ने कहा कि पूसा 44 धान की एक ऐसी किस्म है जिसे पकने में काफी समय लगता है। इसके लिए ज्यादा पानी और लाइट की जरूरत पड़ती है। इससे पराली भी ज्यादा होती है। वहीं, किसानों को भी परेशानी होती है। ऐसे में इस बार पीआर 126 जैसी धान की किस्में किसानों को अपनानी चाहिए। इससे किसानों का फायदा होता है।

### चार जिलों के किसानों को मूंग की फसल न बीजने की सलाह

सीएम ने कहा कि मूंग की फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार एमएसपी देगी। हालांकि माहिरों से बातचीत में सामने आया है कि जहां पर मूंग की फसल की बिजाई की जाती है, वहां पर सफेद मक्खी पैदा हो जाती है। इसके बाद यह मक्खी कपास की तरफ चली जाती है। सीएम भगवंत मान ने कहा कि ऐसे में चार जिलों मानसा, बठिंडा, मुक्तसर व फाजिल्का के किसानों को मूंग की फसल न बिजाई करने की सलाह दी जाती है। वहीं, सरकार की तरफ से इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 2500 किसान मित्र नियुक्त किए जाएंगे। 100 खेतीबाड़ी माहिर नियुक्त किए जाएंगे, जो कि लोगों को जागरूक करेंगे।

## एक तरफा प्यार में महिला पर तेजाब फेंकने वाले युवक ने की आत्महत्या

दर्पण न्यूज सर्विस

**श्री मुक्तसर साहिब।** तलाकशुदा दो बच्चों की मां पर तेजाब फेंकने वाले युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। हालांकि पुलिस ने युवक के खिलाफ तेजाब फेंकने के आरोप में धारा 341,326 ए,307 के तहत केस दर्ज कर लिया था। बताया जा रहा है कि घटना के बाद युवक घर से फरार चल रहा था। केस दर्ज होने के बाद युवक ने आत्महत्या कर ली है। गौरतलब है कि एकतरफा प्यार में पागल मलोट के गुरु नानक नगरी निवासी प्रदीप कुमार मंगलवार रात करीब आठ बजे काम से लौट रही 28 वर्षीय महिला पर तेजाब से हमला कर दिया था। तेजाब पड़ने से महिला 50 प्रतिशत झुलस चुकी है। उसका फरीदकोट के अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला का छह वर्ष पहले तलाक हो चुका है। उसकी दो बेटियां भी है। करीब तीन वर्ष से वह अपने मायके घर गुरु नानक नगरी में ही रह रही है।



शादी के बाद उसके घर दो बच्चों ने जन्म लिया। इसके बाद पति के साथ अनबन रहने के कारण उसका पति से तलाक हो चुका है। अब वे कुछ समय से बच्चों सहित अपने माता-पिता के पास ही रह रही है। यहां वह घर से थोड़ी दूरी पर प्राइवेट नौकरी करती है। पीड़िता को मोहल्ले का ही रहने वाला प्रदीप कुमार आते जाते समय काफी तंग परेशान करता था। उसे शादी के लिए मजबूर करता था। घटना के बाद घबराए युवक आत्महत्या कर ली है। आरोपित ने आत्महत्या करके खुद ही अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। उधर पुलिस अभी मामले में कुछ भी बोलने को राजी नहीं है। फिलहाल इस मामले मे पुलिस जांच कर रही है।

## संक्षिप्त-समाचार

### बच्चे के साथ की थी मारपीट, राजीनामे के बावजूद रंजिश के चलते घर पर किया हमला

**लुधियाना।** लुधियाना के टिब्बा रोड के गुलाबी बाग इलाके में उस समय हंगामा हो गया जब रंजिश के चलते कुछ लोगों ने इलाके में रहने वाले मोहम्मद उस्मान के घर पर हमला कर दिया। दरवाजा बंद था तो हमलावरों ने घर के दरवाजे पर ही डंडे और लाठियों के साथ हमला किया। इस दौरान हमलावरों ने गेट पर तेजधार हथियार से भी हमला किया। एक बार तो इलाके में पूरी तरह से दहशत का माहौल बन गया। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी। इसके बाद इसकी जानकारी थाना टिब्बा पुलिस को दी गई, पुलिस ने वीडियो कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मोहम्मद उस्मान ने बताया कि उसका आठ साल का भतीजा है। कुछ दिन पहले इलाके के ही एक युवक ने बच्चे के सिर पर वार कर दिया था। उन्होंने उस युवक को समझाया कि मारपीट न करे। इस बीच इलाके के लोगों ने मामला शांत करवा राजीनामा करवा दिया। इसके बाद मारपीट करने वाले युवक अपने कुछ साथियों के साथ फिर से उसी दिन की रंजिश मन में रख घर पर हमला करने आ गया। गनीमत रही कि समय रहते घर का दरवाजा परिवार के लोगों ने अंदर से बंद कर लिया नहीं तो हमलावर उसका ज्यादा नुकसान कर सकते थे। मोहम्मद उस्मान ने कहा कि इसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी, पुलिस अभी तक सुनवाई नहीं कर रही है। उधर, थाना टिब्बा पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया था। दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है। अगर समझौता होता है तो ठीक नहीं तो बनती कार्रवाई की जाएगी।

### जालंधर में दो ने की आत्महत्या: पंजाबी बाग में युवक तो अमन नगर में महिला ने लगाई फांसी

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में अलग-अलग स्थानों पर युवक और एक महिला ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना मकसूदा के अंतर्गत पंजाबी बाग के गुरदीप ने बताया कि वह बेटे बग्गा सिंह को घर में छोड़कर अमृतसर गए थे। जब उनकी पत्नी और बेटी ने वापस आकर दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने साइड से घर के अंदर देखा तो बेटा पंखे से लटका था। उधर, अमन नगर में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां ज्योति पत्नी बलविंदर शर्मा ने फंदा लगाकर जान दे दी है। थाना 8 की पुलिस को दी शिकायत में बलविंदर शर्मा ने बताया कि वह एक दुकान पर काम करता है। सुबह घर से गया तो सब ठीक था। शाम को वापस आया तो देखा कि पत्नी ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने धारा 174 के तहत कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### पंजाब में एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार की लगातार कोशिशों के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आगामी रबी खरीद सीजन के मद्देनजर पंजाब के लिए 29000 करोड़ रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) की मंजूरी दे दी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी सीजन के लिए आरबीआई द्वारा सीसीएल के 25,445 करोड़ पहले ही जारी करने पर भी संतोष जाहिर किया है। पंजाब में गेहूं की खरीद पहली अप्रैल से शुरू हो रही है, जो 31 मई तक चलेगी। भगवंत मान ने कहा कि आरबीआई ने इस सीजन के लिए राज्य सरकार द्वारा मांगें गए सीसीएल का बड़ा हिस्सा जारी कर दिया है। इससे मौजूदा खरीद सीजन के दौरान गेहूं खरीद को सुचारु तरीके से करना आसान होगा। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की बैठक बुलाकर अधिकारियों को आदेश दिया कि किसानों की फसल का दाना-दाना खरीदना सुनिश्चित करें और मंडियों में पुख्ता प्रबंध भी करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पहली अप्रैल से खरीद शुरू होने के पहले दिन से ही फसल की अदायगी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडियों में किसानों को किसी तरह की दिक्कत पेश न आए।

### सेंट्रल जेल में तलाशी के दौरान बरामद हुए 12 मोबाइल फोन, केस दर्ज

**लुधियाना।** पंजाब सरकार भले ही राज्य की जेलों से मोबाइल फोन का खात्मा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का दावे करती रहे। मगर सच्चाई यह है कि जेलों में धड़ल्ले से मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यही कारण है कि आए दिन जेल में से दर्जनों की संख्या में मोबाइल मिल रहे हैं। लुधियाना सेंट्रल जेल में हुई सर्च के दौरान इस बार 12 मोबाइल फोन बरामद हुए। जिसमें से 4 मोबाइल फोन 4 हवालाती व कैदियों के कब्जे से मिले। जबकि 8 मोबाइल फोन लावारिस हालत में पड़े मिले। अब थाना डिवीजन नंबर 7 की ताजपुर चौकी पुलिस ने 4 हवालातियों तथा अज्ञात लोगों के खिलाफ 3 केस दर्ज करके छानबीन शुरू की है। हवलदार हरप्रीत सिंह ने बताया कि पहले केस में पुलिस ने सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट हरबंस सिंह की शिकायत पर अज्ञात कैदियों व हवालातियों को नामजद किया। पुलिस को भेजी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 27 मार्च को सेंट्रल जेल में हुई सर्च के दौरान अलग-अलग बैरकों में से 8 मोबाइल फोन बरामद हुए। एएसआई गुरदयाल सिंह ने बताया कि दूसरे केस में पुलिस ने सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट सतनाम सिंह की शिकायत पर हवालाती बलराम कुमार, नीरज कुमार तथा बलजीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 27 मार्च को हुई सर्च के दौरान उक्त आरोपितों के कब्जे से 3 मोबाइल फोन बरामद हुए। हवलदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि तीसरे केस में पुलिस ने सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट कश्मीर की शिकायत पर हवालाती कर्मजीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 28 मार्च को हुई सर्च के दौरान उक्त आरोपित के कब्जे से 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### बाईक चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य काबू

**बठिंडा।** बठिंडा में चोरी के मामले लगातार सामने आ रहा है। गुरुवार को थाना कोतवाली पुलिस ने शहर से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के साथ-साथ पुलिस ने उनके पास से बिना नंबर प्लेट वाला एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है, ताकि पता किया जा सके कि अब तक वह कितने मोटरसाइकिल चोरी कर चुके है और आगे कहां पर बेचते है। हवलदार गुरप्रीत सिंह के मुताबिक पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि बल्ला राम नगर निवासी सुनील कुमार व धर्मप्रीत सिंह शहर से वाहन चोरी करते है और आगे बेचते है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल समेत स्थानीय रामबाग रोड दाना मंडी से गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपित किसी वारदात को अंजाम देने की ताक में घूम रहे थे। हवलदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में केस दर्ज

**बठिंडा।** थाना सिटी रामपुरा व संगत पुलिस ने धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में दो महिलाओं समेत चार लोगों पर मामला दर्ज किया है। पहले मामले में आरोपित मां-बेटे ने रजिस्ट्री में सही जानकारी न देकर ठगी की है। जबकि दूसरे मामले में एक सोसाइटी के मुलतवी सचिव ने अपने सोसायटी के सदस्यों के जाली हस्ताक्षर कर सोसायटी में गबन किया। दोनों ही मामलों की पड़ताल करने के बाद पुलिस ने अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले मामले में थाना सिटी रामपुरा पुलिस को शिकायत देकर रीना गर्ग निवासी रामपुरा ने बताया कि आरोपित कृष्ण देवी, उसके बेटे जतिंदर बांसल व कैलाश देवी निवासी रामपुरा ने उनके हिस्से की पांच फीट जगह पर अपना कब्जा करने की नीयत से साल 2004 व 2005 के समय दौरान हुई रजिस्ट्री में उक्त जगह की जानकारी नहीं दी गई। वहीं असला तथ्य छिपाकर साल 2018 में वसीका नंबर 1172 के तहत 12 दिसंबर 2018 के जरिए रजिस्ट्री में कुल 36 गज जगह लिखकर रजिस्ट्री करवाकर उसके साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी तरह एक अन्य मामले में थाना संगत पुलिस को शिकायत देकर समूह सभा प्रबंधक कमेटी दी अमरपुरा गुरथड़ी सभा सोसायटी ने बताया कि आरोपित हरप्रीत सिंह उनकी सोसायटी का सचिव था। उसने सोसायटी के कई मेंबरों के जाली हस्ताक्षर कर सोसायटी के फंड में गबन किया। जिसका पता उन्होंने बाद में चला। गबन का पता चलने पर उन्होंने आरोपित हरप्रीत सिंह को सोसायटी के सचिव पद से मुलतवी कर दिया और मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की पड़ताल करने के बाद आरोपित पर मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कब्जा करने की कोशिश में मामला दर्ज

**बठिंडा।** शहर के परसराम नगर स्थित सरकारी एलिमेंटरी स्कूल की चारदीवारी तोड़कर स्कूल की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली दंपती व उसके बेटे के खिलाफ थाना कैनाल कालोनी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपित लोगों की गिरफ्तारी होनी बाकी है। थाना कैनाल कालोनी पुलिस को शिकायत देकर निर्मला देवी हैड टीचर सरकारी एलिमेंटरी स्कूल परसराम नगर बठिंडा ने बताया कि बीती 22 फरवरी को जिला प्रशासन की हाजिरी में स्कूल की नई चारदीवारी की गई थी।

CD दैनिक सिटी दर्पण
नवोन्मेषक : स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक : सतपॉल शर्मा
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एवं 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित
सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।
स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क:7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# पंचायत के साथ-साथ गांववासियों की भागीदारी भी स्वच्छता कार्यक्रम में सुनिश्चित हो : धनखड़

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हम सबका एक ही नारा-साफ सुथरा हो गांव हमाराद्व के उद्देश्य को लेकर रिलायंस एमईटी ने रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से बादली विकासखण्ड के 6 गांव की पंचायतों को जिसमें निमाणा, लाडपुर, कलोई, बामनौला, दरियापुर तथा पेलपा को ट्रैक्टर एवं ट्राली भेंट किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीवल्लभ गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एमईटी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश धनखड़ का स्वागत श्रीवल्लभ गोयल द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को रिलायंस की ओर से स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया तथा उनके हाथों से रिलायंस आफिस के परिसर में पौधारोपण का कार्य भी संपन्न हुआ।



मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने सीएसआर के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में किये जा रहे रिलायंस के प्रयासो की सराहना की तथा ग्राम पंचायत को सुझाव दिया कि पंचायत के साथ-साथ लोगों की भागीदारी भी स्वच्छता कार्यक्रम में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जैसे शहरों में आरडब्ल्यूए के माध्यम से कार्य होता है उसी दिशा में गांव में स्वच्छता कमेटी के माध्यम से गांव को जागरूक करें तथा गांव को निर्मल गांव बनाने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में श्रीवल्लभ गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पंचायत को ट्रैक्टर एवं ट्राली भेंट की जा रही है। इन संसाधनों का उपयोग करके ग्राम पंचायत गांव को साफ-सूथरा एवं निर्मल ग्राम बनाने की दिशा में पहला कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही गांव में सभी स्वस्थ रहेगे तथा स्वस्थ रहने से ही गांव में समृद्धि आएगी। गोयल ने बताया कि एम.ई.टी के आने से क्षेत्र में तेजी से आर्थिक प्रगति हुई है, स्थानीय लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान हुए है। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत निमाणा की ओर से संरपच मल्खान, अनार, नरेश, ग्राम पंचायत बामनौला की ओर से संरपच अनुराज, रमेश कुमार, विनोद ग्राम पंचायत लाडपुर की ओर से संरपच अमित कुमार, सुरेन्द्र ग्राम पंचायत पेलपा की ओर से संरपच संदीप, ज्ञानेन्द्र, संतपाल नौगांव प्रधान, बिल्लू नम्बरदार ग्राम पंचायत दरियापुर से संरपच पवनपाल, ईश्वर, विजयपाल, मनोज, धनपत, ब्लाक समिति सदस्य रामनिवास, ग्राम पंचायत कलोई से प्रदीप, पवन, प्रहलाद, दरियाव, जगमाल, राजपाल मास्टर, भूतपूर्व संरपच दादरीतोए सूरत सिंह, भूतपूर्व संरपच सौंधी अशोक, रमेश कुकडौला तथा अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर रिलायंस की ओर से कैलाश कुमार गुप्ता, कर्नल रोमेल राज्याण, राकेश सिन्हा, अमित लाकरा, अनूप धनखड़, मोहन दहिया, सोमबीर सुखाला, नवीन गुलिया, रविन्द्रर हुड्डा, अंकित देषवाल, मनीष राघव, नीलम सिंह, लोकेश कापसे, रणधीर मलिक, संजय गुलाटी, अक्षय तथा राजकुमार उपस्थित थे।

# विधायक सुधा ने श्री दक्षिणा काली पीठ पिहोवा में की पूजा-अर्चना

**वर्मा**

**पिहोवा।** नवरात्र महोत्सव के अवसर पर श्री दक्षिणा काली पीठ मॉडल टाउन में गत देर शाम थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने मां काली की पूजा अर्चना की। इसके साथ उन्होंने आकाश भैरव पक्षीराज भगवान, बाल हनुमान मंदिर व एकादश रुद्र महादेव मंदिर में माथा टेका। पीठ के महंत बंसी पुरी महाराज ने विधायक सुभाष सुधा को नारियल एवं माता की चुनरी ओढाकर उन्हें सम्मानित किया व विधायक सुधा ने महंत बंसी पुरी से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात विधायक सुभाष सुधा ने शिवपुरी रोड स्थित गोविंदानंद आश्रम में चल रहे नवरात्र दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर कन्याओं का पूजन किया।



विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि नवरात्रों में की गई पूजा पाठ हवन यज्ञ एवं कन्या पूजन से जहां व्यक्ति का मन शांत रहता है वही उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। जो प्राणी सच्चे मन से मां दुर्गा की पूजा करता है उसके पापों का नाश होता है। महंत बंशीपुरी महाराज ने कहा कि नवरात्रि पर्व मां दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की शक्ति की पूजा का सबसे शुभ और अनोखा अवधि माना जाता है या पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से चला आ रहा है। ऋषि के वैदिक युग के बाद से नवरात्रि के दौरान की भक्ति प्रथा वैसे मुख्य रूप गायत्री साधना का है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी, सर्वेश्वरी राधे, स्वामी खटवांग पुरी, स्वामी गजराज गिरी, सरपंच विकल कुमार चौबे, नपा अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, सुरेंद्र पप्पु ढींगरा, रौकी शर्मा, रविकांत कौशिक, महंत दीपक प्रकाश, विपिन काहड़ा, राकेश पुरोहित, विनोद बंसल, आदित्य बहल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर ढाकेवाला में आयोजित रक्तदान शिविर में 207 यूनिट रक्त हुआ इकट्ठा

**प्रदीप शर्मा**

**यमुनानगर।** श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी प्रधान सुखबीर सिंह व विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया 25 वां विशाल रक्तदान शिविर श्री राम नवमी के पवित्र दिन श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर ढाकेवाला बसातियाँवाला में आयोजित हुआ जिसमें 207 यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ ,ब्लड डोनेशन की व्यवस्था पीजीआई चंडीगढ़ से आई टीम ने संभाली व बहुत साफ सफाई व गंभीरता से सफलतापूर्वक कार्य किया ,पीजीआई चंडीगढ़ की टीम 1 यूनिट रक्त को उसकी अलग अलग 3 विशेषताओं में बदल देती है इससे एक ही समय में एक यूनिट रक्त से 3 मरीजों को अलग अलग रक्त की पूर्ति की जाती है, रक्त की पूर्ति केवल रक्त के द्वारा ही संभव है, और श्री राम नवमी के पवित्र दिन श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में यह 25 वाँ रक्तदान शिविर में पहुंचे सभी रक्तदाताओं का व शिविर में सहयोग करने वाले सभी नागरिकों का, पीजीआई चंडीगढ़ से आई डाक्टरो की टीम का वह धन्यवाद करते है, मंदिर कमेटी सदस्य रोबिन अग्रवाल व ओमकार ने बताया कि कोरोना काल से ही दोनों संस्थाएं मिलकर सामाजिक व जनहित के कार्य कर रही हैं और आगे भी यह व्यवस्था ऐसे ही जारी रहेगी, सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।



इस दौरान मंदिर कमेटी सदस्य रोबिन अग्रवाल, कमेटी सदस्य ओमकार, रितेश गुप्ता मुख्य मंदिर पुजारी त्रिलोकपुर देवी, पीजीआई चंडीगढ़ डाक्टर सूचेत सचदेव ,पीजीआई प्रोफेसर, पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी प्रधान सुखबीर सिंह, विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता, जयकरण विभाग अध्यक्ष, शिव चरण, समाजसेवी कपिल मनीष गर्ग, सीमा सिंगला, आदेश गोयल, रशमी शर्मा, अमरजीत कौर, इंदरजीत मित्तल आदि सैंकडो श्रधालु मौजूद रहे।

# जगाधरी विधानसभा की 28 सड़कों के लिए 25 करोड की राशि मंजूर हुई

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**यमुनानगर।** हरियाणा भाजपा सरकार में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा भाजपा सरकार जगाधरी विधानसभा क्षेत्र को विकसित बनाने में लगी हुई है ,इसी कड़ी के अंतर्गत जगाधरी विधानसभा की 28 सड़कों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ₹25 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी प्रदान की है, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने बताया कि नई सड़कों में जगाधरी जगाधरी छछरौली रोड से चनेटी रोड, बीकेडी रोड से लोहरी वाला, गुलाबगढ़ चिकन रोड से भंगेडा, हाफिजपुर से बक्करवाला, छछरौली रोड से कलेसर, एसडीएम कोर्ट जगाधरी वाली सड़क, पुरानी जगाधरी वाली सड़क, पौंटा रोड से हर्बल पार्क, दादूपूर खदरी वाली सड़क ,खिजराबाद बिलासपुर रोड से लेदाखादर, छछरौली रोड से किशनपुरा, ताजे वाला है ड से ताजे वाला तक, अलीपुर से शिव मंदिर , खिजरी से खिलोंवाला, प्रताप नगर बिलासपुर रोड से हाफिजपुर ,छछरौली पौंटा रोड से याकूबपुर, छछरौली रोड से दसौरा, जगाधरी बिलासपुर रोड से सलेमपुर बांगर, बिलासपुर रोड से जड़ौदी, जगाधरी बिलासपुर रोड से मामली, जगाधरी बिलासपुर रोड से चगनौली, चाहडो, जटहेडी, बुढ़िया खदरी देवधर रोड से तेलीपूरा, जगधरी बिलासपुर रोड से पीरूवाला, बीकेडी रोड से बीचपडी ,पौंटा रोड से बहादूरपूर तक की सड़को को मंजूर किया गया है। गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार की विशेषता है कि यह सड़कों पुलों ,काजुओं, बिजली ,पानी आदि बुनियादी सुविधाओं पर विशेष रूप से ध्यान देती है, हरियाणा की भाजपा सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है, जगाधरी विधानसभा में समय करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट चल रहे हैं और कई बड़े अन्य प्रोजेक्ट की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इस दौरान मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष निश्चल चौधरी ,भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, मुकेश दमोपुरा, जगबीर खदरी, ओमकार देवधर, सतीश चौपाल, गुरमीत सिंह, सरजीत पंजेटो, बलविंदर गुर्जर, राजन बल्लेवाला, पूर्व सरपंच कंवरसिह देवधर साथ रहे।



# आधार में मुफ्त ऑनलाइन अपडेशन की सुविधा का जिलावासी उठाएं लाभ : एडीसी हितेश कुमार

**सुन्दर कुंडु**

**पलवल।** एडीसी हितेश कुमार ने बताया कि 15 मार्च से 14 जून 2023 तक आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए निवासियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन निवासियों ने पिछले 8-10 वर्षों में अपना आधार अपडेट नहीं किया है, उन्हें अपनी पहचान का प्रमाण और पते के प्रमाण के दस्तावेज अपलोड करने होंगे। पहले आधार सेवा केंद्र पर आधार कार्ड संबंधी कार्य करवाने के लिए 50 रुपए शुल्क देना होता था, लेकिन अब 15 मार्च से आगामी 14 जून 2023 तक तीन महीने की सीमित अवधि के लिए आधार कार्ड अपडेशन के कार्य के लिए यूआईडीएआई ने इस सेवा को निशुल्क कर दिया है। इसलिए सभी आमजन इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाएं और अपने आधार अपडेट करवाएं। हालांकि, निवासियों के लिए काफी राहत की बात यह है कि यूआईडीएआई ने 3 महीने की सीमित अवधि के लिए ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेट सेवा के लिए शुल्क माफ कर दिया है। आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ पोर्टल और ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है, जहां पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी उपलब्ध है। एडीसी हितेश कुमार ने जिलावासियों से इस मुफ्त अवसर का लाभ उठाने और अपने आधार को अपडेट रखने का आह्वान किया है। साथ ही जिलावासियों को ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है।



# विश्व हिंदू परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा 1008 धवजो व 2100 हिन्दुओ ने निकली राम की भव्य शोभा यात्रा

**अर्पित वधवा**

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद की ओर से श्री रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धर्म नगरी में पूरा वातावरण जय श्री राम के गगनचुंबी नारों से भक्तिमय हो गया। धर्मनगरी में कदम कदम पर राम भक्तों की ओर से निकली गई शोभा यात्रा का फूलों की वर्षा से और मिठाईं से भव्य स्वागत किया गया। भगवान श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा सनातन धर्म मंदिर से महान संतों के आशीर्वाद से निकली, जिसमें महंत रोशन पुरी, वात्सलय वाटिका संस्थापक हरि ओम दास परिव्राजक, स्वामी राजेन्द्र पूरी, स्वामी वासुदेवानंद, स्वामी कृष्ण दास ने राम जी की भव्य शोभायात्रा को झंडी दिखाई। राम भक्तों का उत्साह बहुत ही उत्साह वर्धक था। भगवान श्रीराम को तिलक लगाया व आरती की गई। शहर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों ने इस शोभायात्रा का आगे बढकर भक्तिमय होकर स्वागत किया। यात्रा का समापन सन्निहित सरोवर आरती स्थल पर भगवान श्री राम की आरती व दीपदान के साथ संपन्न हुआ। रंग बिरंगी आतिशबाजी कीभ। महिला शक्ति ने श्री राम यात्रा में अपना भरपूर सहयोग दिया।



आज के कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पवन, जिला मंत्री अजय गुप्ता, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा व सभी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आदेश में जल्द बनेगा ऑडिटोरियम : डा. गिल



**अजय शर्मा**

**कुरुक्षेत्र।** आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा. एच.एस. गिल ने कहा कि मैडिकल छात्रों द्वारा की जाने वाले सांस्कृतिक गतिविधियों और समारोह के लिए जल्द ही आदेश में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा।

डा. गिल वार्षिक समारोह में पुरस्कार वितरण के दौरान छात्रों को सम्बोधित कर रहे थे और उन्होंने छात्रों की उत्कृष्टता की सराहना भी की। डा. गिल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शिरकत करनी चाहिए। क्योंकि सांस्कृतिक गतिविधियों से छात्र जहां अपने समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हैं वहीं खेलों से छात्र शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहते हैं। वहीं पासिंग आऊट बैच 2017 के लिए सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार प्रिंस को दिया गया। वार्षिक समारोह का समापन डीजे नाईट के साथ हुआ । अंत में आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल, प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा और एमडी डा. गुणतास गिल ने शिक्षा, खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में शिरकत करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किये। वार्षिक समारोह का समापन डीजे नाईट के साथ हुआ।

# चीनी मिल में हरकोफैड द्वारा कर्मचारी कक्षा का किया गया आयोजन

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पलवल।** हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ लिमिटेड (हरकोफैड) पंचकूला द्वारा बुधवार को पलवल सहकारी चीनी मिल के प्रांगण में कर्मचारी कक्षा का आयोजन किया गया। इस कक्षा में मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ-चढकर भाग लिया। एसडीएम एवं चीनी मिल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा ने चीनी मिल में कर्मचारी कक्षा आयोजन करने के लिए हरकोफैड के अधिकारियों का आभार जताया तथा सभी को इस मुहिम से जुड़ते हुए विभिन्न सहकारी संस्थाओं/विभागों के माध्यम से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए आर्थिक तौर पर मजबूत होकर आत्म निर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में सहयोग देने की अपील की।




हरकोफैड के शिक्षा अनुदेशक मित्रपाल ने हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ लिमिटेड पंचकुला द्वारा विभाग से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि हरकोफैड समय-समय पर किसान एवं कर्मचारी हित में गोष्ठी एवं कक्षाओं का आयोजन करता रहता है, जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों को सरल तरीके के किसान एवं कर्मचारियों तक पहुंचाया जाता है।

उन्होंने कर्मचारियों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न पॉलिसी की जानकारी प्रदान की। मिल के गन्ना विपणन अधिकारी कृपाल सिंह ने कर्मचारियों को अपने कत्र्तव्य के प्रति सजग रहते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन करते हुए चीनी मिल के कार्यालय अधीक्षक हरिचंद तेवतिया द्वारा बताया कि सभी कर्मचारियों को सहकारिता से जुड़ते हुए कठिन परिश्रम और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए तथा सभी को आपसी सहयोग से अपने अधीनस्थ एवं साथी कर्मचारियों को बिना किसी स्ट्रेश के कार्य करते हुए सभी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने हेतु तत्पर रहना चाहिए।

# एक अप्रैल को लाडवा रसोई को पूरा एक वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

**मानव गर्ग**

**लाडवा।** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा रसोई को पूरा एक वर्ष हो गया है। जिसको लेकर लाडवा के पुराने डाकखाने के नजदीक एक अप्रैल को एक साल बेमिसाल के नाम से एक कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। गुरुवार को समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा रसोई पर पहुंचे और उन्होंने लोगों से मुलाकात की।



उन्होंने लोगों को एक अप्रैल को रसोई का एक वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम में पहुंचने का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे लाडवा रसोई पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि निरंतर एक वर्ष से लाडवा रसोई चलाई जा रही है। जिसमें एक दिन भी रसोई बंद नहीं हुई। उन्होंने कहा कि चाहे कोई त्यौहार, बरसात व कुछ भी हुआ हो उसके बावजूद भी लाडवा में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लाडवा रसोई पर लोगों को निरंतर खाना दिया गया है और आगे भी इसी प्रकार किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम में लाडवा ब्लॉक के सभी सरपंच, पंच, ब्लॉक समिति सदस्य, सफाई कर्मचारी व चौकीदारों के सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम करने से आपसी भाईचारा बढ़ता है। आगे भी हल्के की सेवा चलती रहेगी। मौके पर सरधूल सिंह, माया राम, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### मनोहर लाल की कथनी करनी समान : डॉ. गणेश दत्त



लाडवा। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रदेश सुशासन विभाग के सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कथनी करनी समान हैं। डा. गणेश्श दत्त बताया कि उन्होंने प्रदेश के हर नागरिक को सक्षम बनाने और अन्त्योदय के सपने को पूरा करने का जो संकल्प लिया उसी दिशा में सतत कार्य कर रहे हैं जिससे प्रदेश के नागरिक का आर्थिक व सामाजिक स्तर मजबूत हुआ है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश का हर नागरिक लाभान्वित हो रहा है। योजनाओं से गरीब और जरूरतमंदों को गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत व चिरायु योजना का लाभ मिल रहा है। सरकार ने एमएसएमई को भी मजबूत किया है ताकि युवा वर्ग अपना निजी व्यवसाय शुरू कर सके और रोजगार के नये रास्ते खुलें। उन्होंनें भाजपा कार्यकताओं को आह्वान किया कि सरकार की जनहितैषी योजनओं की जानकारी हर नागरिक को देवें। इलाके के गांव लाठी धनौरा में मिशन 2024 जनसम्पर्क अभियान के अन्तर्गत लोगों से केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे थे। उन्होंनें कहा कि करीब नौ साल के कार्यकाल में मनोहर सरकार ने अन्त्योदय का सपना साकार करने के लिए कार्य किया। मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, श्रमयोगी मानधन योजना, मुद्रा योजना, उज्जवला योजना, उजाला योजना के साथ-साथ किसान कल्याण आयोग का गठन, व्यापारी कल्याण बोर्ड, कलाकृति बोर्ड का गठन करके समाज के हर वर्ग को सुरक्षित व समृद्ध बनाने का कार्य किया है। उन्होंनें कहा कि देश में भाजपा के प्रति लहर बढ रही है और हर नागरिक विश्वास की निगाहों से देख रहा है। ऐसे में निश्चित है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनेगी। इस अवसर पर सही राम, तेजा राम, जगदीश, रामकुमार, राजेश, हरीश, व्यास कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### हनुमान दुर्गा मंदिर में रामनवमी पर्व पर दिखी श्रद्धालुओं के भीड़



यमुनानगर। रामनवमी का पर्व देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है, वंही यमुनानगर के मंदिरों में भी भगवान श्री राम जन्म उत्सव के पर्व को लेकर श्रद्धालुओं के भारी भीड़ देखने को मिली, श्रद्धालु मंदिरों में प्रसाद फल व नारियल चढ़ाकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। वहीं पर श्रद्धालुओं का कहना है कि देश के प्रधानमंत्री ने भारत की जनता से आज के दिन अपने अपने घरों में 11 दिए जलाने का आह्वान किया है तो सभी लोग अपने-अपने घरों में दिए जलाएंगे। नवरात्रि नौ दिनों का त्योहार है जो पूरे देश में व्यापक रूप से मनाया जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता, कहते है कि भगवान विष्णु का सातवां रूप भगवान श्रीराम को माना जाता है। यमुनानगर के मंदिरों में लगातार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली, श्रद्धालुओं से बात करने पर उन्होंने बताया कि नवरात्रि के बाद रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता है, जिसको लेकर श्रद्धालु पहले अपने घर में पूजा करते हैं, उसके बाद मंदिरों में पूजा अर्चना करते हैं। घर, समाज व देश की सुख शांति के लिए रामनवमी का पूजन किया जाता है। हनुमान दुर्गा मंदिर के पुजारी ने कहा कि भगवान राम पुरुषोत्तम पुरुष थे, जिन्होने एक अच्छे भाई, अच्छे पति और और अच्छा बेटा बनकर अपने फर्ज निभाए आज ही के दिन प्रभु श्री राम जी का जन्म हुआ था जिसके उपलक्ष्य में भी आज भगवान श्री राम की पूजा की जाती है ।

### दिन-प्रतिदिन हरियाणा में जननायक जनता पार्टी का ग्राफ बढ़ रहा है : जखवाल



लाडवा। जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाल ने कहा कि जजपा पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन में प्रदेश वासियों के लिए जनहित के काम कर रही है। जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाल गुरुवार को लाडवा के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जजपा व भाजपा गठबंधन में जनता के भलाई के कार्य सुचारू रूप से करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जनहित के कार्य किये हैं और आगे भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन हरियाणा में जननायक जनता पार्टी का ग्राफ बढ़ रहा है और अन्य दलों को छोड़कर लोग जजपा में शामिल हो रहे हैं। वहीं हल्का युवा अध्यक्ष जसबीर पंजेटा ने कहा कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हर एक वर्ग के लिए इतनी योजनाएं लेकर आ रहे हैं जिससे आज हर वर्ग खुश है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के गांवों में यह लाइब्रेरी खोली जा रही है। जिससे गांव में रहने वाले लोगों को उसके लाइब्रेरी के अंदर इंटरनेट की सुविधा तो मिलेगी ही इसके साथ-साथ हुआ है अनेक कार्य कर सकेंगे। मौके पर भूपेन्द्र खानपुर, मोहन, धीरज नैन, मोहित आदि मौजूद थे।

### ओम प्रकाश गर्ग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया ग्रेजुएशन डे



लाडवा। लाडवा के ओम प्रकाश गर्ग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीनियर के.जी. कक्षा के बच्चों के के लिए ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेजुएशन डे में बच्चों को प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुमित गर्ग जी व मुख्य अतिथि अरविंद जिंदल और राकेश गर्ग द्वारा डिग्रियां प्रदान करके सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा परिणाम लेने आए अभिभावकों के लिए बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें बच्चों ने स्वागत गीत गाकर तथा डांस प्रस्तुति द्वारा सभी का मन मोह लिया । इसके अलावा बच्चों ने अभिभावकों को भी कार्यक्रम में शामिल करते हुए उनसे पहेलियां पूछ कर उनको खूब आनंदित किया। इस अवसर पर स्कल स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

### राम नवमी के उपलक्ष्य में रामायण पाठ का हुआ समापन



लाडवा। शहर की धार्मिक संस्था श्री राम नवमी आयोजन समिति व मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा श्री राम जनमोत्स्व के उपलक्ष्य में रामायण पाठ रखा गया। जिसका राम नवमी पर समापन हुआ। इस अवसर जिसमें सर्वप्रथम पंडित तुलसीदास नौटियाल द्वारा भगवान की आरती की गई। समिति के सरंक्षक एवं मार्गदर्शक डॉ अशोक निर्मल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जनमोत्स्व मनाना सभी भारतीयों के साथ साथ पुरे विश्व के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर डॉ अशोक निर्मल, अनुज गोयल, राजेश वर्मा, अमित सिंघल, रणित कम्बोज, कन्हैया गोयल, योगेंदर कम्बोज, विपिन शर्मा, राहुल भारद्वाज, सौरभ सैनी, हेमंत सैनी, ईमना कटारिया सहित समिति के अन्य सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित थे।

### नशे को जीवन से दूर रख खेलों को जीवन में अपनाएं युवा : डॉ. खैहरा



कुरुक्षेत्र। शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य व जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खैहरा ने कहा है कि युवा वर्ग को चाहिए कि नशे को अपने जीवन से दूर रख दिनचर्या में खेलों को शामिल करें। जो व्यक्ति बचपन से ही खेलो में भाग लेता है वह पूरा जीवन निरोगी काया के साथ जीता है। वे गांव गोविंदमाजरा में खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान आयोजक मंडली की तरफ से डॉ. जसविंदर खैहरा का जोरदार स्वागत किया गया। डॉ जसविंदर खैहरा ने क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में खेलों को अपनाना चाहिए। खेल खेलने से जहां व्यक्ति अनुशासन सीखता है। वही बुराइयों से भी दूर रहता है। इतना ही नहीं जो व्यक्ति बचपन से ही खेल खेलता है वह पूरा जीवन स्वस्थ जीवन जीता है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला युवा सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं और युवाओं को रोजगार दिलवाने की दिशा में आगे बढ़ कर कार्य कर रहे हैं। निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत हरियाणा के युवाओं को आरक्षण दिया गया है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में भी हरियाणा सरकार बेहतर कार्य कर रही है। खेलों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अनेकों कदम उठाए गए हैं।

संपादकीय

# अनियोजित विकास

## समस्याओं की गंभीरता के प्रति सजग नहीं हमारे नीति-नियंता



ऐसे नगर-नियोजकों का अभाव है जो शहरी ढांचे को सुदृढ़ करने के विशेषज्ञ हों। हमारे नीति-नियंता अनियोजित विकास से होने वाली समस्याओं की गंभीरता को समझने के लिए तैयार नहीं। यह स्थिति तब है जब वे दुनिया के दूसरे शहरों से शहरी ढांचे को सुधारने की सीख भी लेते रहते हैं। शहरों की दुर्दशा का कारण केवल अनियोजित विकास ही नहीं है। इस पर आश्चर्य नहीं कि नगर निकाय शहरों के ढांचे में सुधार करने में असफल सिद्ध हो रहे हैं। उनकी यह असफलता इसलिए चिंताजनक है कि जैसे-जैसे शहरी आबादी की बेहतर जीवनशैली को लेकर उम्मीदें बढ़ रही हैं वैसे-वैसे नगर निकाय उन्हें पूरा करने में नाकाम हो रहे हैं। इसके चलते शहरी जीवन अनेक समस्याओं से घिरता चला जा रहा है। शहरों में बेहतर जीवन स्तर की जो कल्पनाएं की जाती हैं वे पूरी नहीं हो रही हैं। हमारे शहर विस्तार तो ले रहे हैं, लेकिन उनमें सुविधाओं का स्तर सिमट रहा है। शहरी ढांचे में सुधार करने और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन उनके अनुरूप काम नहीं हो रहा है। चूंकि शहरी ढांचे को सुधारने की गति धीमी है और शहरों में आबादी तेजी से बढ़ती चली जा रही है इसलिए शहरी जीवन और अधिक कष्टकारी होता जा रहा है। हमारे शहर केवल अव्यवस्थित विकास, गंदगी और ट्रैफिक जाम आदि से ही नहीं जूझ रहे हैं, बल्कि वे प्रदूषण से भी ग्रस्त हैं। जब भी विश्व के प्रदूषित शहरों की गणना होती है तो उनमें भारत के शहर प्रमुखता से नजर आते हैं। हमारे नीति-नियंता अनियोजित विकास से होने वाली समस्याओं की गंभीरता को समझने के लिए तैयार नहीं। यह स्थिति तब है जब वे दुनिया के दूसरे शहरों से शहरी ढांचे को सुधारने की सीख भी लेते रहते हैं। शहरों की दुर्दशा का कारण केवल अनियोजित विकास ही नहीं है। इसके साथ-साथ दूरदर्शी और टिकाऊ योजनाओं का अभाव भी है। शहरी ढांचे को सुदृढ़ करने के मामले में ऐसी योजनाएं मुश्किल से ही बनती हैं जो अगले पचास-सौ वर्षों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हों। यही कारण है कि नई सड़कें और फ्लाईओवर कुछ ही वर्षों में अपर्याप्त सिद्ध होने लगते हैं। हमारे शहरों की समस्याएं इसलिए भी नहीं दूर हो पा रही हैं, क्योंकि ऐसे नगर-नियोजकों का अभाव है जो शहरी ढांचे को सुदृढ़ करने के विशेषज्ञ हों। देश के छोटे-बड़े शहरों की एक बड़ी समस्या उनकी देखरेख करने वाले नगर निकायों की शिथिलता है। वे अकुशलता, लालफीताशाही और भ्रष्टाचार के साथ-साथ सस्ती राजनीति का अड्डा बन गए हैं। यह जो आशा की जा रही थी कि नगर निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों से लैस हो जाने से उनकी कार्यप्रणाली सुधर जाएगी वह पूरी नहीं हो सकी है। उचित यह होगा कि इस संदर्भ में हमारे नीति-नियंता गंभीरता से विचार करें कि कमी कहां है। शहरों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए जितने धन की आवश्यकता होती है उतना नगर निकाय कठिनाई से ही जुटा पाते हैं। ऐसे नगर निकायों की गिनती करना कठिन है जो आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हों। स्थिति यह है कि कई नगर निकाय तो अपने कर्मचारियों को वेतन देने लायक संसाधन भी नहीं जुटा पाते। समय आ गया है कि इन सब कारणों पर नए सिरे से नीर-क्षीर ढंग से विचार किया जाए।

## आज का राशिफल


**मेष:** अपने स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।


**वृषभ:** परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे।


**मिथुन:** आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशंसा करेंगे। आप किसी पुरानी समस्या का हल खोज पायेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।


कर्क: उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। किसी बड़े कार्य को लेकर फाइनेंस की समस्या हल होगी। धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकते हैं।


**सिंह:** विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकारी प्रवृत्ति के लोगों को आलोचना झेलनी पड़ सकती है। ब्लड प्रेशर और सर्दी के कारण आपको परेशानी होने की सम्भावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।


**कन्या:** जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। दिन आपके लिये काफी अच्छा है बस अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें। काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान सम्बन्धित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है।


**तुला:** स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है।


**वृश्चिक:** पारिवारिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिन्हें आप पूरा भी करेंगे।


**धनु:** राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवांछित यात्रा करनी पड़ सकती है। नया काम शुरू करने के लिये दिन शुभ नहीं है। ऑफिस में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।


**मकर:** बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिये लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। परिवार में शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।


**कुंभ:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन बेहद शुभ है। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित हो रही है। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा। परिस्थितियाँ धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी।


**मीन:** आपका मन इधर-उधर की बातों में लगा रहेगा। लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है। जॉब में सीनियर्स की सलाह लेना लाभकारी होगा।

# 'भविष्यवाणी'

## कलाई की रेखाओं से भी की जाती है उम्र की भविष्यवाणी



हर व्यक्ति के हाथ में कलाई की रेखाएं होती हैं, और इन रेखाओं को देखकर भविष्य के बारे में खास बातें बताई जा सकती हैं। इन रेखाओं को हिंदी में मणिबंध रेखा और अंग्रेजी में ब्रासलेट लाइन कहा जाता है। ये रेखाएं कलाई और हथेली के जोड़ पर होती हैं। चूंकि ये हाथ में ब्रेसलेट पहनने के स्थान पर होती हैं, इसलिए इन रेखाओं को ब्रेसलेट लाइन कहा जाता है। इन ब्रेसलेट लाइन को देखकर व्यक्ति की उम्र के बारे में भविष्यवाणी की जा सकती है।

व्यक्ति की उम्र का ब्रेसलेट लाइन से यह संबंध है कि कलाई पर जितनी अधिक ब्रेसलेट लाइन होंगी उतना ही अधिक उस व्यक्ति का जीवन होगा। ठीक इसी प्रकार से अगर किसी व्यक्ति के हाथ में कम ब्रेसलट लाइन होंगी, उसका जीवन भी उतना ही कम होगा।

बात अगर करें कि व्यक्ति की उम्र कितनी होगी तो अगर आपके हाथ में एक ब्रेसलेट लाइन है तो आपको 23 से 28 साल की उम्र के बीच संभल जाना चाहिए। इस वक्त में आपको महामृत्युंजय पाठ करना चाहिए और किसी भी बीमारी की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। वहीं अगर आपके हाथ में 2 ब्रेसलेट लाइन हैं तो आपको 46 से 56 वर्ष की आयु के बीच में थोड़ा संभलकर रहना चाहिए और अपना अधिकांश वक्त पूजापाठ में बिताना चाहिए।

यदि आपके हाथ में तीन ब्रेसलेट लाइन बनती हैं तो यह बताता है कि आपकी उम्र काफी लंबी होगी। बहुत ही कम लोगों के हाथ में चौथी ब्रेसलेट लाइन होती है जो कि बताती है कि व्यक्ति की उम्र 84 साल से अधिक होगी।

**पहली ब्रेसलेट लाइन का अर्थ**

हर व्यक्ति के हाथ में पहली ब्रेसलेट लाइन बहुत ही विशेष मानी जाती है। अगर आपके हाथ में पहली ब्रेसलेट लाइन स्पष्ट, बिना टूटी हुई और गहरी है तो ऐसा माना जाता है कि ऐसे लोग हेल्दी लाइफ जीएंगे और उसके साथ ही शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहते हैं। वहीं दूसरी तरफ यह लाइन अगर स्पष्ट नहीं है तो ऐसा माना जाता है कि व्यक्ति की पूरी उम्र बीमारी में ही कटेगी।

महिला और पुरुषों में पहली ब्रेसलट लाइन के मायने अलग-अलग होते हैं। अगर महिलाओं की पहली ब्रेसलेट टूटी हुई या फिर कर्व लिए होती है ऐसी महिलाओं को गर्भधारण में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं पुरुषों में इस लाइन के टूटे होने का अर्थ है कि उनको यूरिनरी ट्रैक्ट या फिर प्रॉस्टेट से जुड़ी समस्या होती हैं।

**दूसरी ब्रेसलेट लाइन का अर्थ**

हाथ में दूसरी ब्रेसलेट लाइन रुपये-पैसे की स्थिति को दशार्ता है। अगर महिला या पुरुष किसी के भी हाथ में यह रेखा स्पष्ट होती है तो ऐसा माना जाता है कि उसको जीवन भर रुपये-पैसे के मामले में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। उसे अपनों की तरफ से हर प्रकार की आर्थिक मदद प्राप्त होती है।

**तीसरी ब्रेसलेट लाइन का अर्थ**

जिन लोगों के हाथ में तीसरी ब्रेसलेट लाइन स्पष्ट होती है उन्हें अपने जीवन में नेम, फेम और पावर सब कुछ प्राप्त होता है। समाज में उनका रुतबा होता है। वहीं चौथी ब्रेसलेट लाइन बहुत ही कम लोगों के हाथ में होती है। यह आपकी तीसरी ब्रेसलेट लाइन के महत्व और भी मजबूत करती है।

## गरुड़ पुराण: घर में स्वच्छता का होना बहुत जरूरी



गरुड़ पुराण को वैष्णव संप्रदाय के 18 महापुराणों में से एक महत्वपूर्ण ग्रंथ कहा जाता है। इस ग्रंथ के अधिष्ठातृ देव भगवान विष्णु माने गए हैं। इस पुराण में सदाचार, ज्ञान, भक्ति, वैराग्य, यज्ञ, दान, तप और निष्काम कर्म की महिमा का वर्णन मिलता है। साथ ही इसमें सृष्टि के प्रारंभ से लेकर मनुष्य की मृत्यु के बाद तक की बातों का जिक्र किया गया है। वहीं गरुड़ पुराण के अनुसार, व्यक्ति के जीवन में आने वाली सभी समस्याओं के कारण और हल उसके सामने ही होते हैं बस अज्ञानी पुरुष उन्हें पहचान नहीं पाता और दुख भोगता रहता है। गरुड़ पुराण में ऐसी 3 आदतों के बारे में जानकारी दी गई है जिन्हें नहीं सुधारा जाए तो ये आपके घर में क्लेश और नकारात्मकता का कारण बनती हैं...

**○ साफ-सफाई न करना**

गरुड़ पुराण के अनुसार घर में स्वच्छता का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। वहीं घर की साफ-सफाई में लापरवाही बरतने पर न केवल बीमारियों का फैलाव होता है बल्कि नकारात्मक ऊर्जा भी संचरित होने लगती है। जिससे घर के लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गलत असर पड़ता है और घर की सुख-शांति में विघ्न पैदा होता है।

**○ बेवजह कबाड़ इकट्ठा करना**

कुछ घरों में आपने देखा होगा कि लोग चीजों के लोभ में अनावश्यक चीजों को भी इकट्ठा कर लेते हैं और फिर ये कबाड़ बनता जाता है। लेकिन गरुड़ पुराण के अनुसार घर में पड़ा हुआ ये कबाड़ घर के बड़ों और बच्चों की तरक्की में रुकावट का कारण बन सकता है। घर को व्यवस्थित और साफ-सुथरा ना रखने पर घर में नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव बढ़ता है और परिवार के लोगों में आपसी लड़ाई-झगडे होने लगते हैं। इसलिए घर में फालतू का सामान या कबाड़ एकत्रित न करें।

**○ रात को झूठे बर्तन सिंक में छोड़ देना**

कई बार लोग घरों में रात को खाना खाने के बाद झूठे बर्तन सिंक में ऐसे ही छोड़ देते हैं कि सुबह साफ कर लेंगे। लेकिन गरुड़ पुराण में इस आदत को बिल्कुल सही नहीं माना गया है। माना जाता है कि इससे घर में रिश्तों में तनाव पैदा हो सकता है। झूठे बर्तनों और रसोई घर को रात को अच्छी तरह साफ करके ही सोएं।

## दरिद्रता से मुक्ति पाने के लिए रोजाना घर की दक्षिण दिशा में जलाएं दीपक



वास्तु शास्त्र: हिंदू धर्म ग्रंथों में दीपक या दीया जलाने को बहुत शुभ माना गया है। वेदों में मान्यता है कि दीपक में देवताओं का तेज बसता है। इसी कारण से पूजा-पाठ, किसी मांगलिक उत्सव या फिर तीज-त्योहार आदि सभी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके ही किया जाता है। दीपक के रोशनी को ज्ञान का प्रतीक भी माना जाता है जो हमें अज्ञानता के अंधकार से उजाले की ओर ले जाती है।

वहीं हमारे घरों में भी सुबह-शाम पूजा के दौरान भगवान के समक्ष और तुलसी के पास दीपक जलाया जाता है। माना जाता है कि आपके आसपास सकारात्मक ऊर्जा आती है और मन भी शांत होता है। लेकिन दीपक की महत्वता उसे जलाने के नियमों में भी छुपी है।

हमारे शास्त्रों में दक्षिण दिशा का एक अलग महत्व बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण और माता लक्ष्मी का निवास भी दक्षिण दिशा को माना गया है। वास्तु शास्त्र में उत्तर दिशा को ज्ञान की दिशा और दक्षिण दिशा को धन, पुरुषार्थ और कुशलता की दिशा माना गया है।

ऐसे में वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की दक्षिण दिशा में नियमित रूप से दीपक जलाना बहुत शुभ माना जाता है। आप दीपक में तिल के तेल का इस्तेमाल करते हैं तो बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। इससे घर की दरिद्रता दूर होने के साथ ही घर में मां लक्ष्मी का वास सदा बना रहता है। घर की दक्षिण दिशा में रोजाना दीपक प्रज्वलित करने से आर्थिक तंगी दूर होकर घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

## मोर के पंख घर में रखने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है

मोर पंख कृष्ण को अर्पित होता है और वह कृष्ण का सबसे प्रिय होता है। खास बात यह है कि मोर के पंख का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है। हर देवताओं का प्रिय आभूषण है। भगवान कृष्ण, माता सरस्वती, मां लक्ष्मी व श्री गणेश सभी को मोर के पंख किसी ना किसी रूप में प्रिय होते हैं। मोर के पंख का इस्तेमाल प्राचीन काल से ही होता चला आ रहा है। इसके अलावा मोर के पंख का वास्तु शास्त्र में भी खास महत्व है। वास्तु की मानें तो घर में मोर पंख रखने से कई दोष दूर होता है। मोर के पंख घर में रखने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। इसके साथ ही घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। ऐसी मान्यता है कि मोर के पंख में सभी देवी-देवताओं और नव ग्रहों का वास होता है। इसे घर में रखना शुभ माना जाता है और सभी अमंगल टल जाता है। मोर के पंख को घर में किस दिशाम में रखना चाहिए इस बात पर ध्यान जरूर दें। वास्तु शास्त्र में मान्यता है कि घर में दक्षिण-पूर्व दिशा में मोर के पंख को रखना चाहिए। इससे घर में सुख-समृद्धि आती है व घर का वातावरण भी अच्छा रहता है। इसके अलावा अगर आपके पास पैसे नहीं टिकते हैं व पैसे आते ही फिजूलखर्ची में लग जाते हैं तो ऐसे में पूजा के स्थान पर मोरपंख रख देना चाहिए। इससे घर में बरक्कत होगी और परिवार के सदस्यों के बीच संबंध मधुर होंगे। इसके अलावा अगर शादीशुदा जीवन में मनमुटाव चल रहा है तो मोर के पंख को बेडरूम में रख देना चाहिए। इससे पति-पत्नी के बीच के संबंध अच्छे होते हैं और प्यार बना रहता है। वास्तु के अनुसार बच्चों के स्टडी रूम में मोर पंख रखना चाहिए। इससे बच्चों का पढ़ने लिखने में मन लगता है।

## गोमती पत्थर घर में रखने से सुख और समृद्धि बनी रहती है



ज्योतिष में गोमती चक्र को बहुत ही उपयोगी पत्थर बताया गया है। ये एक खास तरह का छोटा पत्थर होता है, जो गोमती नदी में मिलता है। इसका रंग सफेद और हल्का पीलापन वाला होता है। गोमती चक्र के एक भाग में गोल चक्र जैसी आकृति प्राकृतिक रूप से उभरी रहती है। कहा जाता है कि यह पत्थर जिस घर में भी रहता है। वहां सुख और समृद्धि बनी रहती है।

वास्तु दोष के बुरे प्रभाव से बचने के लिए मकान को बनाते समय 11 सिद्ध गोमती चक्र दक्षिण पूर्व दिशा में इमारत की नींव में दबा दें। बीमारी व्यक्ति के सिर से 21 सिद्ध अभिमंत्रित गोमती चक्र सिर पर घुमाएं और उसे बीमार आदमी की पलंग में बांध दें। इस उपाय से वह जल्दी स्वस्थ होगा। किसी व्यक्ति में आत्मविश्वास की कमी है, तो वो गोमती चक्र की माला पहनें। इस उपाय से बहुत लाभ होगा। बच्चों की पढ़ाई में कोई परेशानी आ रही है, तो सोमवार के दिन भगवान शिव को जल अर्पण करके 11 गोमती चक्र गंगाजल से धोकर बच्चों के पढ़ाई वाले कमरे में लाल वस्त्र में बांधकर रख दें। दांपत्य जीवन में आ रही परेशानियां दूर करने के लिए 11 सिद्ध गोमती चक्र को सफेद कपड़े में बांधकर घर की दक्षिण दिशा में फेंक दें। यदि आप किसी काम के लिए जा रहें हैं, तो 11 गोमती चक्र को अपनी जेब में रख लें। आपका का काम बन जाएगा। सात सिद्ध गोमती चक्र लाल कपड़े में लपेटकर लॉकर या कैश बॉक्स में रखने से कभी धन की कमी नहीं होती।

## गहरी और स्पष्ट रेखाओं वाले पुरुषों को जीवन में खूब धन प्राप्त होता है

ज्योतिष शास्त्र की तरह ही सामुद्रिक शास्त्र द्वारा भी व्यक्ति के भविष्य और उसके स्वभाव के बारे में पता लगाया जा सकता है। जिसका आंकलन व्यक्ति के शरीर के अंगों की बनावट और मौजूद चिन्हों के आधार पर किया जाता है। आज हम आपको कुछ ऐसे संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक धनवान पुरुष की पहचान माने जाते हैं...




**1. गहरी और स्पष्ट रेखाएं**

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार जिस पुरुष की हाथों की लकीरें गहरी और स्पष्ट होती हैं। साथ ही जिनकी उंगलियां भी भरी हुई होती हैं, उन पुरुषों को जीवन में खूब धन प्राप्त होता है और इनमें धन संचय करने का भी गुण होता है।

**2. हाथ के अंगूठे में यव का निशान**

माना जाता है कि जिस पुरुष के हाथ के अंगूठे में यव का चिन्ह मौजूद होता है, वे अपार धन-संपत्ति के मालिक होते हैं। वहीं अगर उंगलियों के पर्व लंबे हों तो उस आदमी को काफी भाग्यशाली माना जाता है।

**3. खास चिन्ह और तिल का होना**

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार जिस पुरुष के हाथ में मंदिर, ध्वज, मकर के चिन्ह जैसी रेखाएं होती हैं वह व्यक्ति काफी धनी होता है। वहीं जिस पुरुष की हथेली के बिल्कुल बीच में कोई तिल होता है तो उस आदमी को समाज में खूब मान-सम्मान प्राप्त होता है।

**4. हाथ में चक्र, धनुष का निशान**

जिस पुरुष के हाथ में चक्र, धनुष, तलवार या भाले जैसी रेखाएं मौजूद होती हैं, समुद्र शास्त्र में उन पुरुषों के बारे में माना जाता है कि ऐसे व्यक्तियों को आर्मी, पुलिस जैसे क्षेत्रों में उच्च पद पर आसीन होने का मौका मिलता है।

# पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ बाजवा का दावा- पिछले सेना प्रमुख राहील शरीफ भी चाहते थे सेवा विस्तार

दर्पण न्यूज सर्विस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (रिटायर्ड) कमर जावेद बाजवा ने दावा किया है कि उनसे पहले आर्मी चीफ जनरल राहिल शरीफ ने भी तत्कालीन नवाज शरीफ सरकार से सेवा विस्तार मांगा था। जनरल (रिटायर्ड) कमर जावेद बाजवा ने बताया कि राहील शरीफ ने सेवा विस्तार के लिए एक राजनीतिक विवाद का फायदा उठाने की कोशिश की थी। कमर जावेद बाजवा का यह दावा इसलिए अहम है क्योंकि वह अक्सर अपने सेवा विस्तार के लिए आलोचकों के निशाने पर रहते हैं। खासकर पीटीआई चीफ इमरान खान उन पर खासे हमलावर हैं।

पाकिस्तान के मीडिया के साथ बातचीत में पूर्व सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा ने बताया कि जब राहील शरीफ का कार्यकाल बतौर सेना प्रमुख खत्म होने वाला था तो उसी दौरान डॉन न्यूजपेपर ने एक खुलासा किया था, जिसे डॉन लीक्स के नाम से जाना जाता है। उस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सेना के प्रमुख अधिकारियों के साथ एक बैठक में तत्कालीन पाकिस्तान सरकार ने सैन्य अधिकारियों से कहा था कि आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी वरना पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ जाएगा।




इस रिपोर्ट को लेकर काफी हंगामा हुआ था और सेना में इस बात को लेकर नाराजगी थी कि इस रिपोर्ट के लीक होने से सेना और आतंकी संगठनों के गठजोड़ का संदेश गया है। बाजवा ने बताया कि जब तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने उनकी मुलाकात होती थी तो वह बताते थे कि राहील शरीफ सेवा विस्तार चाहते हैं। बता दें कि राहील शरीफ साल 2013 से लेकर 2016 तक पाकिस्तान सेना के प्रमुख रहे लेकिन उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिला था। राहिल शरीफ के बाद ही कमर जावेद बाजवा पाकिस्तान सेना के प्रमुख बने।

बाजवा ने बातचीत के दौरान ये भी दावा किया कि पनामा पेपर लीक में नाम सामने आने के बाद उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को इस्तीफा देने के लिए तैयार कर लिया था। हालांकि नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज इसके लिए तैयार नहीं हुईं। बाद में नवाज शरीफ को पनामा पेपर लीक मामले में अदालत ने अयोग्य करार दे दिया था। बाजवा ने नवाज शरीफ को अयोग्य ठहराए जाने में अपनी भूमिका होने से इनकार किया और कहा किय वह कोर्ट का फैसला था। उल्लेखनीय है कि पूर्व जनरल कमर जावेद बाजवा बीते साल नवंबर में पाकिस्तान आर्मी चीफ के पद से हट गए थे। साल 2019 में तत्कालीन इमरान खान सरकार ने उन्हें सेवा विस्तार दिया था। हालांकि बाद में जब इमरान खान की सरकार गिरी तो इसका आरोप इमरान खान ने कमर जावेद बाजवा पर ही लगाया था। इमरान खान अक्सर अपने बयानों में कमर जावेद बाजवा को कोसते रहते हैं। बीती जनवरी में इमरान खान ने कहा था कि बाजवा को सेवा विस्तार देकर उन्होंने गलती की थी।

## सीनेट ने चीफ जस्टिस की शक्तियों में कटौती करने वाला विधेयक पारित किया, विपक्ष का कड़ा विरोध

नई दिल्ली। पाकिस्तान की सीनेट ने विपक्ष के कड़े विरोध बीच गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की शक्तियों में कटौती करने और पीठों के गठन के संबंध में विधेयक पारित किया। कानून और न्याय मंत्री आजम नजीर तरार ने नेशनल असेंबली से पारित होने के एक दिन बाद गुरुवार को सीनेट में 'सुप्रीम कोर्ट (प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर) बिल, 2023' पेश किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सीनेटरों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान का उल्लंघन है क्योंकि उच्चतम न्यायालय से जुड़े मामलों को एक तिहाई बहुमत से संविधान में संशोधन से निपटाया जा सकता है। पीटीआई के सीनेटर अली जफर ने बहस के दौरान कहा, 'आप साधारण बहुमत से पारित कानून के जरिए उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था को नहीं बदल सकते।' उन्होंने यह भी मांग की कि विधेयक को मतदान के लिए रखने से पहले इस पर चर्चा के लिए सीनेट की द्विदलीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए। हालांकि उनकी मांग को खारिज कर दिया गया और राष्ट्रपति की ओर से हस्ताक्षरित होने के बाद कानून बनने के करीब आने के लिए विधेयक पारित किया गया। पीटीआई के सीनेटरों ने इस कदम का विरोध किया और अली जफर ने चेतावनी दी कि इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। विधेयक में कहा गया है कि शीर्ष अदालत के समक्ष हर कारण, मामले या अपील को मुख्य न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों की एक समिति की ओर गठित पीठ की सुना और निपटाया जाएगा। इसमें कहा गया है कि समिति के फैसले बहुमत से लिए जाएंगे। वर्तमान में, मुख्य न्यायाधीश स्वतः संज्ञान शक्तियों के उपयोग के बारे में निर्णय लेते हैं और मामलों की सुनवाई के लिए विभिन्न पीठों का गठन भी करते हैं। नया कानून तब शुरू किया गया जब उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने देश के शीर्ष न्यायाधीश की स्वतः संज्ञान (खुद की) शक्तियों पर सवाल उठाया। राजनीतिक हलकों में ऐसा कहा जा रहा है कि सरकार शीर्ष न्यायपालिका में आंतरिक दरार का इस्तेमाल मुख्य न्यायाधीश की शाखाओं को दबाने के लिए कर रही है।

## ताइवानी राष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा से चीन नाराज, व्हाइट हाउस ने कही ये बड़ी बात

**नई दिल्ली।** ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने बुधवार से 10 दिवसीय अमेरिकी यात्रा शुरू की हैं। इससे नाराज होकर चीन ने राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन को अमेरिकी हाउस स्पीकर से नहीं मिलने की चेतावनी दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ताइवान की स्वतंत्रता की अलगाववादी ताकतों का समर्थन करने के लिए सांठगांठ करता रहता है और वाशिंगटन से खतरनाक कृत्यों को रोकने के लिए कहा है, जो चीन-अमेरिका के संबंधों की राजनीतिक नींव को रेखांकित करता है। अब इस पर अमेरिका का बयान आया है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को चीन से ताइवान के खिलाफ आक्रामक गतिविधि बढ़ाने के बहाने ताइवान के राष्ट्रपति द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन का जल्द ही अमेरिका पहुंचना रूटीन ट्रांजिट की श्रृंखला में नवीनतम है। उन्होंने कहा, 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास किसी भी गतिविधि को बढ़ाने के बहाने इस पारगमन का उपयोग नहीं करना चाहिए।' किर्बी ने आगे कहा, 'हम इस बात से अवगत हैं कि अभी चीजें तनावपूर्ण हैं, लेकिन बीजिंग को बातचीत का रास्ता खुला रखना चाहिए।' ताइवान की राष्ट्रपति इंग वेन जब अमेरिका के लिए रवाना हुईं, तो उन्होंने कहा कि ताइवान को दुनिया से जुड़ने का पूरा अधिकार है। इधर, त्साई इंग वेन की यात्रा शुरू होने से पहले चीन ने कहा कि अगर ताइवान की राष्ट्रपति अमेरिकी हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी से मिलती हैं, तो वह पूरी तरह से हमला करेगा, क्योंकि बीजिंग अपनी संप्रभुता के उल्लंघन पर चुप नहीं बैठेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, 'यह चीनी पक्ष नहीं है, जो ओवररिएक्ट करता है, बल्कि अमेरिकी पक्ष है, जो ताइवान की स्वतंत्रता के अलगाववादी ताकतों का समर्थन करता है।'

# मुंबई आतंकी हमले पर नेसेट स्पीकर ने कहा- आतंकियों को भारी कीमत चुकानी चाहिए

दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** इस्राइली संसद के अध्यक्ष ने भारत दौरे से पहले एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 2008 मुंबई हमले के योजनाकारों को इसकी भारी कीमत चुकानी चाहिए। दोनों देशों के लिए आतंकवाद चिंता का विषय है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के करीबी विश्वासपात्र आमिर ओहाना ने पिछले साल दिसंबर में पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद 31 मार्च को वे अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर भारत आ रहे हैं। इस्राइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के पूर्व अधिकारी ओहाना ने आतंकवाद के खतरे को एक साझा चिंता बताते हुए कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए सभी प्रगतिशील देशों को एक साथ आने की जरूरत है।



ओहाना ने कहा कि भारत और इस्राइल दोनों ही आतंकवाद की समस्या का सामना करते हैं और इसके खिलाफ लड़ाई एक संयुक्त लड़ाई है। ओहाना ने बताया कि हमें 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले याद हैं, जिसमें 207 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई थी, इनमें से 178 भारतीय थे। मारे गए विदेशियों में दुर्भाग्य से इस्राइली और यहूदी भी थे, जो चबाड हाउस आए थे। नेसेट स्पीकर ने कहा कि यह न केवल भारत पर बल्कि यहूदियों और हर जगह मुक्त लोगों पर भी हमला था। उन्होंने कहा कि यह भारत और इस्राइल के साझा मूल्यों पर हमला था। लश्कर-ए-तैयबा को इसकी भारी कीमत चुकानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत एक प्रमुख विकासशील शक्ति है। जिसमें कई चीजें इस्राइल के साथ समान हैं और नेसेट के किसी भी अध्यक्ष ने कभी भी देश का दौरा नहीं किया है। ओहाना ने कहा कि मैंने सोचा कि ऐसा करने का समय आ गया है। मेरे लिए देशों, संसदों और लोगों को एक साथ लाना महत्वपूर्ण है, जिनमें बहुत कुछ समान है। ओहाना ओम बिरला के साथ दोनों संसदों के बीच एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, ताकि दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाया जा सके और उनकी यात्रा के दौरान संसदीय, राजनीतिक और आर्थिक बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की जा सके। उनके साथ कानूनविद माइकल बिटन और इजराइल-भारत अंतर-संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष अमित हलेवी भी होंगे। ओहाना यात्रा को दोनों देशों के नागरिकों के लाभ के लिए विशेष रूप से देशों के बीच और विशेष रूप से संसदों के बीच सहयोग को मजबूत करने और मजबूत करने के लिए एक और कदम के रूप में देखता है।

# अमेरिका में विदेशी श्रमिकों के साथ रुकेगा शोषण व दुर्व्यवहार, वीजा में संशोधन के लिए विधेयक पेश

दर्पण न्यूज सर्विस

**वाशिंगटन।** प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने संसद के उच्च सदन (सीनेट) में एच-1बी और एल-1 वीजा कार्यक्रमों में व्यापक बदलाव लाने और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता लाने के मकसद से एक द्विदलीय कानून पेश किया है। यदि यह कानून पास होता है तो भारत तथा विदेशी श्रमिकों का अमेरिका में भर्ती को लेकर न सिर्फ शोषण रुकेगा, बल्कि उनके साथ होने वाला दुर्व्यवहार भी कम होगा।




दोनों वीजा पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां हर साल भारत-चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। दो प्रभावशाली सांसदों डिक डर्बिन और चक ग्रासली ने इस कानून को अमेरिकी संसद में रखा है। वहीं, सांसद टॉमी ट्यूबरविल, बर्नी सैंडर्स, शेरोड ब्राउन और रिचर्ड ब्लूमेंथल ने इसे समर्थन दिया है। एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया गया कि एच-1बी, एल-1 वीजा सुधार अधिनियम से आव्रजन प्रणाली में धोखाधड़ी और दुरुपयोग कम होगा, अमेरिकी श्रमिकों और वीजा धारकों को सुरक्षा मिलेगी और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता होगी।

विज्ञप्ति के मुताबिक, विधेयक में एल-1 और एच-1बी कर्मचारियों को काम पर रखने, नए वेतन, भर्ती एवं सत्यापन जरूरतों के बारे में बताने तथा एच-1बी वीजाधारकों की नियुक्ति के इच्छुक नियोक्ताओं को इन नौकरियों के बारे में जानकारी श्रम मंत्रालय की वेबसाइट पर देने का प्रस्ताव दिया गया है। बिल में एल-1 कार्यक्रम में सुधार और विदेशी सहयोगियों को सत्यापित करने में विदेश मंत्रालय से सहयोग को अनिवार्य करना प्रस्तावित है।

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन जैसी कंपनियों में हाल में कई गई छंटनी के कारण अमेरिका में भारतीयों सहित हजारों उच्च कुशल विदेशी मूल के श्रमिकों ने अपनी नौकरी खो दी है। गत नवंबर से अब तक दो लाख आईटी कर्मियों की छंटनी में से 30 से 40 प्रतिशत भारतीय आईटी पेशेवरों के शामिल होने का अनुमान हैं, जो एच-1बी या एल1 वीजा धारक हैं।

एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को विशेषकर तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत वाले पेशे में विदेशी कर्मचारियों को रखने की अनुमति देता है, जबकि एल-1 वीजा भी एक प्रकार का ह्यवर्क वीजाह्न है, जो देश में काम करने की इच्छा रखने वाले पेशेवरों को जारी किया जाता है। एच-1बी वीजा उस व्यक्ति को जारी किया जाता है, जो किसी अमेरिकी कंपनी से जुड़ना चाहते हैं, जबकि इसके विपरीत एल-1 वीजा उन लोगों को जारी किया जाता है, जो पहले से ही किसी दूसरे देश में कंपनी द्वारा नियोजित हैं और जो केवल एक अमेरिकी कार्यालय में स्थानांतरित हो रहे हैं।

## भारत-श्रीलंका मिलकर सौर ऊर्जा पर करेंगे काम, स्थापित होगा 135 मेगावाट का सोलर प्लांट

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका ने द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के प्रयासों के तहत श्रीलंका के समुद्री तट के नजदीक स्थित पूर्वी जिले त्रिंकोमाली में दो चरणों 135 मेगावॉट का सौर ऊर्जा संयंत्र बनाने का फैसला लिया है। इसपर श्रीलंका की कैबिनेट ने भी मंजूरी दे दी है। दोनों देश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी सहयोग करेंगे। पिछले दिनों इसपर दोनों देश के बीच समझौता हुआ था। श्रीलंका ने 2030 तक अपनी बिजली की आवश्यकता का 70 प्रतिशत सौर ऊर्जा से उत्पन्न करने का लक्ष्य बनाया है। इस हफ्ते आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के एक नोट में कहा गया है, 'भारतीय राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम और सीलोन बिजली बोर्ड ने संयुक्त रूप से दो चरणों में एक सौर ऊर्जा परियोजना को लागू करने के लिए एक समझौता किया है।' बयान में कहा गया है, 'इस परियोजना के पहले चरण के रूप में, 42.5 मिलियन अमरीकी डालर के कुल अनुमानित निवेश के साथ 50 मेगावाट की एक सौर ऊर्जा परियोजना को लागू करने और 23.6 अमरीकी डालर खर्च करने वाले संपुर से कप्पलथुरे तक 40 किलोमीटर की लंबाई के साथ 220 किलोवाट ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण करने की उम्मीद है। इसके 2024 से 2025 तक दो साल में इस चरण को पूरा करने की उम्मीद है।' नोट में कहा गया है कि इस परियोजना के दूसरे चरण में 72 मिलियन अमरीकी डालर के कुल निवेश के तहत अतिरिक्त 85 मेगावाट के साथ एक सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र का निर्माण होने की उम्मीद है। भारत सरकार ने तटीय पवन और बायोमास सहित सौर और पवन ऊर्जा का उपयोग करने वाली बिजली उत्पादन परियोजनाओं के संचालन और सुविधा के द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने और मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की है।

# लंबे विरोध के बाद इस्राइल में रुका न्यायिक सुधार, झुके नेतन्याहू

दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** लगातार जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपने ह्यन्यायिक सुधार कानूनह्न को फिलहाल वापस ले लिया है। कानून को ह्यअस्थायी रूप सेह्न वापस लेते हुए नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि अपने विरोधियों को ह्यसंवाद का वास्तविक मौकाह्न दे रहे हैं। देश में सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों को नियंत्रित करने वाले कानून के खिलाफ लगभग तीन महीने से इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। मार्च के शुरूआत में देश की सेना के भीतर भी विरोध देखने को मिला था।

विवादास्पद न्यायिक कानून सुधारों को लेकर लोगों की नाराजगी झेल रहे इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को घोषणा करते हुए कानूनों को अस्थायी रूप से रोक दिया। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल ओत्जमा येहुदित ने बताया है कि इन कानूनों को टालने को लेकर पीएम नेतन्याहू ने अपनी सहमति दे दी है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वास्तविक अवसर देने के लिए संसद अवकाश के बाद तक विवादास्पद कानून पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का आदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि जब बातचीत के माध्यम से गृहयुद्ध से बचने का विकल्प होता है, तो मैं बातचीत के लिए समय निकाल लेता हूं... यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

इस्राइली राष्ट्रपति आइसेक हरजोग ने सोमवार को प्रधानमंत्री से बात की थी। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को समझाते हुए कहा था कि आज विश्व की नजरें हम पर ही हैं। देश की एकता की जिम्मेदारी के लिए मैं आपसे न्यायिक प्रक्रिया पर रोक लगाने का आग्रह करता हूं। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने भी नेतन्याहू से बात की। उनका कहना है



कि मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि न्यायिक प्रणाली में किए जा रहे बदलाव को रोक दें। साथ ही बर्खास्त रक्षामंत्री को भी बहाल करें। इस्राइल के न्याय मंत्री यारिव लेविन ने इसी साल जनवरी के पहले सप्ताह न्यायिक प्रणाली में संशोधन का प्रस्ताव पेश किया था। न्यायिक प्रणाली में संशोधन के जरिए सरकार एक समीक्षा समिति के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के नामांकित व्यक्तियों में सुधार करने और संसद को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को अस्वीकार करने का अधिकार देने का प्रयास कर रही है।

नेतन्याहू सरकार द्वारा प्रस्तावित नए कानून के तहत 120 सीटों वाली इस्राइली संसद में 61 सांसदों के साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रद्द किया जा सकेगा। प्रस्तावित सुधार उस प्रणाली को भी बदल देगा जिसके माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है। इससे न्यायपालिका में राजनेताओं को अधिक नियंत्रण मिलेगा। न्यायिक सुधार कानून की योजना न्याय मंत्री यारिव लेविन ने बीते चार जनवरी को पेश की थी। विपक्ष ने इसे सुप्रीम कोर्ट का गला घोंटने की कोशिश बताया। इस्राइल में लिखित संविधान नहीं है, इसलिए वहां शासन तंत्र में संतुलन बनाए रखने में सुप्रीम कोर्ट की महत्त्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। जबकि प्रस्तावित कानून को लेकर यह राय बनी कि इसके जरिए सुप्रीम कोर्ट को सरकार और संसद के बराबर लाने की कोशिश की जा रही है।

वहीं, इस्राइल के पूर्व प्रधानमंत्री येर लापिद ने सरकार के इस कदम की आलोचना की और इसे अपमानजनक और भ्रष्ट कानून करार दिया है। लापिद ने कहा कि नेतन्याहू सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं। यहां की न्यापालिका भी नेतन्याहू सरकार द्वारा लाए गए नए कानून का विरोध कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष एस्तेर हयात का कहना है कि ये संशोधन, कानूनी प्रणाली पर एक अनियंत्रित हमला है। इससे पता चलता है कि सरकार न्यायिक प्रणाली की स्वतंत्रता पर घातक प्रहार करने का इरादा रखती है। इस्राइल में जन-विरोध का सिलसिला तीन महीने से चल रहा है। विरोध प्रदर्शन आमतौर पर शांतिपूर्ण रहे हैं। गुजरे महीनों के दौरान इनमें भाग लेने वाले लोगों की संख्या बढ़ती चली गई। इसका इस्राइल के आम जीवन पर खराब असर पड़ा। इसी बीच, 14 जनवरी की रात को तेल अवीव में हजारों की संख्या में लोगों ने इस्राइल की न्यायिक प्रणाली में प्रस्तावित बदलावों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनकी रूसी राष्ट्रपति पुतिन से तुलना की थी। इस्राइल मीडिया के मुताबिक, ना सिर्फ तेल अवीव बल्कि यरूशलेम में भी नेतन्याहू का विरोध किया गया।

## न्यूज डायरी

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव की तारीखों का एलान, इमरान खान को झटका

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चुनाव की तारीख का एलान कर दिया है। एलान के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के प्रांतीय चुनाव के लिए 8 अक्तूबर को वोट डाले जाएंगे। बुधवार को पाकिस्तान चुनाव आयोग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बता दें कि इससे पहले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के गवर्नर ने 28 मई को चुनाव होने की बात कही थी। हालांकि सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए गवर्नर ने चुनाव आयोग से अपील की थी कि राज्य में 8 अक्तूबर तक चुनाव ना कराए जाएं। इसे इमरान खान की पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है जो पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में जल्द चुनाव कराने की मांग कर रही है। बता दें कि जब इमरान खान की सरकार केंद्र की सत्ता से बाहर हुई थी तो पीटीआई ने पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय विधानसभाओं को भी भंग कर दिया था। इस पर पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने नियमों के तहत जल्द पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्यों में प्रांतीय चुनाव कराने का आदेश दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 30 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। हालांकि सुरक्षा कारणों के चलते पाकिस्तानी चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों को कुछ समय के लिए टालने का फैसला किया था। पंजाब में चुनाव फिलहाल टाल दिए गए हैं। वहीं खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव के लिए 8 अक्तूबर की तारीख तय की गई है। इमरान खान के नेतृत्व वाली पार्टी पीटीआई ने चुनाव टाले जाने पर नाखुशी जाहिर की है। चुनाव आयोग ने जब पंजाब के चुनाव टालने का फैसला किया तो पीटीआई ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। पीटीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ सुनवाई कर रही है, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल कर रहे हैं।

### रूस ने परमाणु मिसाइलों के साथ किया अभ्यास

मॉस्को। यूक्रेन में जारी जंग के बीच रूसी सेना ने बुधवार को अपने रणनीतिक मिसाइल बल के लिए अभ्यास आयोजित किया, इसके तहत देश की व्यापक परमाणु क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए साइबेरिया में मोबाइल लॉन्चर्स तैनात किए गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, इस अभ्यास के तहत साइबेरिया के तीन क्षेत्रों में यार्स मोबाइल मिसाइल लॉन्चर्स की गतिविधियों को अंजाम दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, इस गतिविधि में विदेशी खुफिया एजेंसी से तैनाती को छिपाने के लिए उठाए जाने वाले कदम शामिल हैं। यार्स एक परमाणु आयुध वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता करीब 11 हजार किलोमीटर है। यह मिसाइल रूस के रणनीतिक मिसाइल बल की रीढ़ की हड्डी मानी जाती है। रक्षा मंत्रालय से जारी वीडियो में दिखाया गया है कि ट्रक मिसाइल ले जा रहे हैं। इस अभ्यास को लेकर पूरे क्षेत्र में तनाव फैलने की आशंका है।

### जरूरी दवाओं की सूची में शामिल हो सकती हैं मोटापारोधी दवाएं

नई दिल्ली। मोटापे का मुकाबला करने वाली दवाओं को पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में सरकारी खरीद निर्णयों को निर्देशित करने के लिए होता है। दवाओं की अद्यतन सूची सितंबर में जारी होगी। इसके मद्देनजर डब्ल्यूएचओ के सलाहकारों की एक समिति अगले महीने शामिल होने वाली दवाओं के नये अनुरोधों की समीक्षा करेगा। अमेरिका के तीन डॉक्टरों और एक शोधकर्ता की ओर से मोटापे की दवाओं पर विचार करने का अनुरोध किया गया है। इसमें नोवो नॉर्डिस्क की मोटापे की दवा सक्सेंडा में सक्रिय संघटक लिराग्लूटाइड शामिल है। डब्ल्यूएचओ के एक प्रवक्ता ने कहा कि कई देशों में मोटापा एक तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है। बेशक, मोटापे के इलाज के लिए दवाएं प्रबंधन का केवल एक पहलू हैं, और रोकथाम भी महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओके अनुसार, दुनिया भर में 65 करोड़ से अधिक वयस्क मोटापे से ग्रस्त हैं।

### अमेरिका ने चीन से निपटने के लिए बढ़ाया अपना रक्षा खर्च

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि चीन की चुनौती को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2024 के बजट में रक्षा मद का खर्च बढ़ाया गया है। अमेरिका ने बजट में रक्षा क्षेत्र पर खर्च करने के लिए 842 अरब डॉलर (69 लाख करोड़ रुपए) रखे हैं। उन्होंने कहा, चीन से निपटने के लिए अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र में सैन्य ताकत बढ़ाने और सहयोगियों के साथ ज्यादा युद्धाभ्यास करने पर फोकस करेगा। बता दें, इस क्षेत्र के लिए अमेरिका ने रक्षा बजट में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट है। रक्षा मंत्री ने कहा, बजट की तीन प्राथमिकताएं हैं, जिनमें राष्ट्र सुरक्षा, सैनिकों और उनके परिवारों की देखभाल और सहयोगी देशों के साथ सहयोग बढ़ाना शामिल है। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता के कारण बढ़ी चुनौती भी इसका एक बड़ा कारण है। वहीं, राष्ट्रपति जो बाइडन ने एलान किया कि अमेरिका लोकतंत्र कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए 69 करोड़ डॉलर खर्च करेगा।

### भारत के राजनयिक मिशन और राजनयिकों की रक्षा करेंगे : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने देश में राजनयिक मिशन व उनमें काम कर रहे राजनयिकों की रक्षा के लिए कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने खालिस्तान समर्थकों द्वारा भारतीय राजनयिक मिशनों पर की गई हिंसा की निंदा की। कहा, ये अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, हमारे विएना दायित्वों के अनुरूप मंत्रालय इन मिशनों और इनमें काम करने वाले राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संघीय, राज्य एवं स्थानीय कानून प्रवर्तन प्राधिकारियों के समन्वय से सभी उचित कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 26/11 मुंबई हमला: आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटका, बचाव के लिए दायर हुई याचिका

वॉशिंगटन। मुंबई हमले के आरोपी कनाडाई बिजनेसमेन तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटक गया है। ऐसे में आरोपी ने इस मामले में अमेरिका की अदालत में वर्तमान स्थिति पर चर्चा (र३३४२ उङ्गल्लीी१ल्लू) के लिए याचिका दायर की है। बता दें कि तहव्वुर राणा 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले में आरोपी है और अमेरिका की जेल में बंद है। तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का मामला बीते 20 महीनों से अमेरिकी की अदालत में अटका हुआ है लेकिन अदालत उस पर सुनवाई नहीं कर रही है। भारत सरकार ने तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की अपील की थी और अमेरिकी सरकार को उसके मुंबई हमले में शामिल होने के सबूत भी सौंपे थे। इसके बाद अमेरिका की सरकार ने लॉस एंजेलेस की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से अपील की थी कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित कर दिया जाए। हालांकि डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैक्लीन चूलजियान ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण मामले पर आखिरी सुनवाई जून 2021 में की थी और इस मामले से संबंधित दस्तावेज जुलाई 2021 में भरे गए थे। उसके बाद से तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटका हुआ है। अब जेल में बंद तहव्वुर राणा के वकील ने इस मामले में वर्तमान स्थिति पर चर्चा के लिए याचिका दायर की है। इस मामले में वर्तमान स्थिति पर चर्चा आगामी 25 अप्रैल को हो सकती है। तहव्वुर राणा मुंबई आतंकी हमले के आरोपी डेविड कोलमैन हेडली का बचपन का दोस्त है और उसे बीते साल जून में लॉस एंजेलेस में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि तहव्वुर राणा भी मुंबई हमले की साजिश में शामिल था और वह डेविड कोलमैन हेडली के इरादों के बारे में भी जानता था। तहव्वुर राणा ने हेडली की मदद भी की थी और दोनों के बीच कई मुलाकात भी हुईं थी। राणा जानता था कि हेडली आतंकी हमले की योजना बना रहा है। बता दें कि साल 2008 में हुए मुंबई हमले में कुल 166 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें छह अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे।

### भारतीय मूल के अजय बंगा के खिलाफ किसी ने नहीं की दावेदारी, विश्व बैंक का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय

नई दिल्ली। भारतीय मूल के अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। बुधवार को नामांकन समाप्त हो गए। किसी भी अन्य देश ने सार्वजनिक रूप से वैकल्पिक उम्मीदवार का प्रस्ताव नहीं दिया है। मतलब बंगा के खिलाफ कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं है। मास्टरकार्ड इंक के पूर्व सीईओ को राष्ट्रपति जो बाइडेन का पिछले महीने समर्थन मिला था, जब वर्तमान अध्यक्ष डेविड मलपास ने लगभग एक साल पहले पद छोड़ने की योजना की घोषणा की थी। भारत ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक, 2019 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मलपास को नामित किया था। मलपास का चुनाव भी निर्विरोध ही हुआ था। इस पद पर हमेशा से अमेरिकी उम्मीदवार का ही चयन होता रहा है। अमेरिका के अलावा किसी भी देश ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। विश्व बैंक के नियम सदस्य देशों को एक समयावधि के दौरान नामांकन करने की अनुमति देते हैं, जो बुधवार दोपहर को खत्म हो चुका है। ऐसे में अजय बंगा के सामने कोई खड़ा नजर नहीं आ रहा है। फरवरी के अंत में नामांकन शुरू हुआ था। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामित मास्टरकार्ड के पूर्व सीईओ अजय बंगा का शिमला से नाता रहा है। पुणे में जन्मे बंगा ने 70 के दशक में शिमला के सेंट एडवर्ड स्कूल से प्राइमरी स्तर की पढ़ाई की। इनके पिता आर्मी में अफसर थे।

# हिमाचल के युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष समेत 112 कार्यकर्ता पद से हटाए

दर्पण न्यूज सर्विस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष यदोपति ठाकुर सहित 112 पदाधिकारी पदभार मुक्त कर दिए गए हैं। नई दिल्ली में राहुल गांधी के समर्थन में युवा कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल नहीं होने पर बुधवार को युकां के प्रदेश प्रभारी अमरप्रीत लाली ने यह कार्रवाई की। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से हुई कार्रवाई की जद में प्रदेश कार्यकारिणी के एक उपाध्यक्ष, 20 महासचिव, 29 सचिव और चार संयुक्त सचिव आए हैं। 47 विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त अध्यक्ष भी पद से हटा दिए गए हैं।



पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी के पुत्र रिंपल चौधरी को भी पद भी हटा दिया है। पदभार मुक्त किए गए अधिकांश युवा कांग्रेस पदाधिकारी हॉलीलॉज के करीबियों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिवस पर गत रविवार को शिमला में रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने वाले युवा कांग्रेस महासचिव महेश ठाकुर को भी पद से हटाया गया है।

पदभार मुक्त किए गए पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष रजनीश मेहता, महासचिव अंकुश ठाकुर, राहुल चौहान, बलविंद्र कंवर, देवेंद्र राजटा, दोरजे अंगरूप, कंवर सिंह, सौरभ कटोच, पंकज मिन्हास, राकेश कुमार, सचिव कंवर, सचिन ठाकुर, शशि कपूर, विजेंद्र पंडित, विनय हेटा, सौरभ शर्मा, विजय ठाकुर, विशाल नेगी और सुक्रांत भाटिया शामिल है। सचिवों में अजय राणा, अमृत सिंह, अरिकेश, आजाद गुमरा, अश्वनी शर्मा, दलीप सिंह चौहान, गगनदीप, हेमराज ठाकुर, इशान सिंघा, समलेश कुमार, करणजीत अत्री, कुलदीप ठाकुर, महेश्वर, मनीष चौहान, मनीष ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, नितिश कुमार, नितिश राणा, पंकज कपूर, पुनीत राणा, ऋषभ कौल, रितेश आजाद, रोहित सिंह, सचिन ठाकुर, तेजेंद्र ठाकुर, विकास लठ्ठ, विकास शर्मा, विक्रम सिंह ठाकुर और वीरेंद्र सिंह को पदभार मुक्त किया गया है। संयुक्त सचिव नितिन हांगटा, पवन, प्रथम लखनपाल और समर सिंह राणा भी पद से हटाए गए हैं।

जिला कांगड़ा में ज्वाली अध्यक्ष अरूण, कार्यकारी अध्यक्ष शशि कुमार चौधरी, फतेहपुर अध्यक्ष जगजीत सिंह पठानिया, जयसिंहपुर अध्यक्ष अभिषेक कटोच, कार्यकारी अध्यक्ष साहिल कटोच, सुलह अध्यक्ष अमित कटोच, इंदौरा अध्यक्ष बजेंद्र पठानिया, ज्वालामुखी अध्यक्ष राज राणा, देहरा अध्यक्ष अमित ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष सुमित मनकोटिया, जसवां परागपुर अध्यक्ष शुभम, शाहपुर अध्यक्ष विशाल कुमार, नूरपुर अध्यक्ष सतवीर सिंह, धर्मशाला अध्यक्ष अश्वनी राणा, पालमपुर अध्यक्ष अनुराग और बैजनाथ अध्यक्ष रविंद्र रॉव को पद से हटाया गया है। जिला शिमला में शिमला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, रामपुर अध्यक्ष राहुल सोनी, जुब्बल कोटखाई अध्यक्ष कपिल ठाकुर, चौपाल अध्यक्ष अनिश और कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद नेगी को पदभार मुक्त किया गया है।

हमीरपुर अध्यक्ष अश्वनी कुमार, बडसर अध्यक्ष विकास शर्मा, सुजानपुर अध्यक्ष राजीव कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष मोहित कुमार और भौरंज अध्यक्ष राजेश को भी पद से हटाया गया है। जिला सोलन में कसौली अध्यक्ष मोहित कुमार, दून अध्यक्ष प्रजवल गुप्ता व नालागढ़ अध्यक्ष गुरदीप चौधरी, जिला चंबा में भरमौर अध्यक्ष श्याम सिंह ठाकुर, डलहौजी अध्यक्ष संजय शर्मा, चुराह अध्यक्ष जसा राम और चंबा अध्यक्ष अनिल कुमार, जिला ऊना में ऊना अध्यक्ष प्रदीप रत्न भारद्वाज, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज चौधरी, गगरेट अध्यक्ष अमन ठाकुर, चिंतपूर्णी अध्यक्ष शमशेर अली और रोहित कालिया को पद से हटाया गया है। जिला मंडी में सरकाघाट अध्यक्ष अखिल कुमार गुप्ता, धर्मपुर अध्यक्ष अंकित बन्याल, कार्यकारी अध्यक्ष उदय सकलानी, नाचन अध्यक्ष बोधराज ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बल्ह नवीन राणा, मंडी सदर कार्यकारी अध्यक्ष विकास राणा, करसोग अध्यक्ष रमेश कुमार और द्रंग अध्यक्ष मनोज ठाकुर, कुल्लू जिला में बंजार अध्यक्ष राकेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष आनी लीला चंद नेगी और मनाली अध्यक्ष चमन ठाकुर को हटाया गया है। जिला बिलासपुर में बिलासपुर सदर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, नयनादेवी जी अध्यक्ष कुलवीर, झंडूता अध्यक्ष कपिल गौतम, घुमारवीं में आशीष शर्मा और कार्यकारी अध्यक्ष राहुल ठाकुर तथा जिला सिरमौर में पांवटा साहिब अध्यक्ष मोहब्बत अली व रेणुका जी अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह कमल को पदभार मुक्त किया गया है।

## परवाणू-शिमला फोरलेन से संबंधित अवैध कब्जों के मामलों की सुनवाई पर रोक

दर्पण न्यूज सर्विस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने परवाणू-शिमला फोरलेन से संबंधित अवैध कब्जों के मामलों की सुनवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि फोरलेन से अवैध कब्जे हाईकोर्ट के आदेशों से हटाए जा रहे हैं। अदालत ने सिविल और राजस्व अदालतों को हिदायत दी है कि फोरलेन से संबंधित अवैध कब्जों के मामलों पर सुनवाई न करें। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने डीसी की रिपोर्ट के अवलोकन पर यह आदेश पारित किए।



हाईकोर्ट ने एनएचएआई को आदेश दिए कि वह तीन महीनों की भीतर सड़क किनारे शौचालय इत्यादि सुविधाएं प्रदान करने के लिए डीपीआर तैयार करें, ताकि बरसात से पहले इसका निर्माण शुरू किया जा सके। डीसी सोलन ने रिपोर्ट के माध्यम से अदालत को बताया कि फोरलेन बनाने वाली जमीन पर विवेक सूद ने अवैध कब्जा किया गया है। अदालत ने कलेक्टर सोलन को आदेश दिए कि वह तुरंत प्रभाव से अवैध कब्जा छुड़वाएं और अपनी रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश करें। अदालत ने मामले की सुनवाई 11 अप्रैल को निर्धारित की है।

बता दें कि फोरलेन के निर्माण में हो रही देरी पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने अदालत के ध्यान में लाया था कि राजस्व विभाग की ओर से निशानदेही न करने के कारण फोरलेन निर्माण में देरी हो रही है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने परवाणू से कैथलीघाट तक फोरलेन को दिसंबर 2023 तक पूरी तरह से चालू करने का बयान हाईकोर्ट के समक्ष दिया था। ज्ञात रहे कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कालका-शिमला फोरलेन ड्रीम प्रोजेक्ट था, लेकिन पिछले तीन सालों से कैथलीघाट-ढली के हिस्से का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। पहले भूमि अधिग्रहण के चलते काम लटका रहा। कालका से कैथलीघाट तक निर्माण कार्य अवैध कब्जों के कारण पूरा नहीं हो रहा है। कैथलीघाट से ढली तक 28.4 किमी लंबे फोरलेन के हिस्से का कार्य दो पैकेजों में तय किया गया है।

## अभ्यर्थी ने मुख्य आरोपी उमा आजाद से एक लाख रुपये में खरीदा था प्रश्न पत्र

दर्पण न्यूज सर्विस

**हमीरपुर।** पोस्टकोड 980 कला अध्यापक मामले में गिरफ्तार महिला अभ्यर्थी सुनीता देवी को एसआईटी ने बुधवार को हमीरपुर न्यायालय में पेश किया। यहां से उसे 31 मार्च तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। एसआईटी ने मंगलवार दोपहर को आरोपी महिला को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हमीरपुर स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया था। आरोपी महिला अभ्यर्थी ने हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग कि निलंबित वरिष्ठ सहायक उमा आजाद और उसके बेटे निखिल आजाद से एक लाख रुपये में कला अध्यापक भर्ती के प्रश्न पत्र का सौदा किया था।



कला अध्यापक पेपर लीक मामले में एसआईटी ने 3 मार्च को विजिलेंस थाना हमीरपुर में निलंबित वरिष्ठ सहायक उमा आजाद, उसके बेटे निखिल आजाद और महिला अभ्यर्थी सुनीता देवी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद मुख्यालय से इस मामले की जांच चंबा में तैनात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजिलेंस अभिमन्यु वर्मा को सौंपी गई। इस मामले में एसआईटी ने सरकार से कला अध्यापक मामले में चयन आयोगके कार्यालय से रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने की मांग की थी। सरकार ने एचएएस अधिकारी अनुपम कुमार को भंग हो चुके चयन आयोग का ओएसडी नियुक्त कर जांच अधिकारी को रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया।

गत दिवस यह रिकॉर्ड एसआईटी को मिला। रिकॉर्ड में सामने आए गड़बड़ी के आधार पर अब मंगलवार को महिला अभ्यर्थी सुनीता देवी को गिरफ्तार किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद महिला अभ्यर्थी ने प्रदेश उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, जिसे 14 मार्च को उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। आयोग ने पोस्ट कोड 980 के तहत ड्राइंग शिक्षकों के 314 पदों को भरने 24 मई 2022 को अधिसूचना जारी की थी। छंटनी परीक्षा के बाद 971 अभ्यर्थियों का 16 से 22 दिसंबर 2022 तक आयोजित दस्तावेजों के सत्यापन के लिए चयन किया गया था, लेकिन अभी तक अंतिम परिणाम घोषित नहीं हुआ। इससे पहले की भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित होता, विजिलेंस ने भर्ती में गड़बड़ी का खुलासा कर दिया।

## 33 करोड़ घोटाले वाली तलाई सभा मामले में कोर्ट के आदेश पर एक और केस दर्ज

शाहतलाई। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के झंडूता न्यायालय के आदेशों पर 33 करोड़ घोटाले वाली सहकारी सभा तलाई मामले में कांगड़ा केंद्रीय बैंक के पूर्व प्रबंधक, सहकारी सभा तलाई के पूर्व सचिव और सहकारी सभा के पूर्व लिपिक पर जाली लोन बनाने के आरोप में तलाई पुलिस थाना में एक और मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में बताया गया है कि तीनों आरोपियों ने 20 लाख का जाली लोन पास किया। यह शिकायतकर्ता को मिला ही नहीं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत नघ्यार के गांव भगतपुर निवासी दिलबाग सिंह ने कांगड़ा केंद्रीय बैंक बंगाणा के पूर्व प्रबंधक, सहकारी सभा तलाई के सचिव राजेश पटियाल, सहकारी सभा के पूर्व लिपिक संजीव कुमार के खिलाफ झंडूता कोर्ट के माध्यम से पुलिस तलाई में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह एक पूर्व सैनिक हैं। 2017 में उनके पड़ोसी राजेश पटियाल ने बताया कि सहकारी सभा में सरकार की तरफ से किसानों और पूर्व सैनिकों के लिए कम दरों पर लोन दिया जा रहा है। सहकारी सभा के पूर्व लिपिक संजीव कुमार ने कुछ कागजों पर पूर्व सैनिक के हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद 2021 में पीड़ित को बैंक लोन से संबंधित एक पत्र आया। इसमें बैंक में उनके नाम पर कर्ज बताया गया था। जब पूर्व सैनिक भगत सिंह को यह पत्र मिला तो उन्होंने इस संबंध में पूरी सूचना लेने के लिए आरटीआई लगाई। आरटीआई में जानकारी मिली कि 16 सितंबर 2017 को भगत सिंह के नाम से जाली 20 लाख का गृह कर्ज बना है। उनके नाम से एक जाली बचत खाता भी खोला गया है। 16 से 28 सितंबर 2017 तक दो बार 10-10 लाख बचत खाते में डाले गए, जो बाद में उस खाते से निकाल लिए गए। पीड़ित के नाम के जाली खाते में किसी ने एक लाख 6 हजार रुपये 31 दिसंबर 2017, 15 जून 2022 को जमा करवाए। इस दौरान वह बैंक गए ही नहीं।

## व्यस्कों में पर्यावरण प्रदूषण से हृदय रोग होने का खतरा ज्यादा

दर्पण न्यूज सर्विस

**मंडी।** व्यस्कों में हृदय रोगों के सबसे खतरनाक कारणों का हिमाचल प्रदेश के आईआईटी मंडी के शोधार्थियों ने पता लगाया है। उन्होंने शोध के परिणामों में पाया कि पर्यावरण प्रदूषण दिल की गंभीर बीमारियों का सबसे खतरनाक कारण है। केवल स्वयं धूम्रपान करने वाले को ही खतरा नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से धूम्रपान होने के कारण भी बहुत खतरा होता है। इन बीमारियों के लिए अनुवांशिक कारण, मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, डिप्रेशन भी बड़े कारण हैं। भारत में 45 वर्ष और अधिक उम्र के लोगों में हृदय रोगों (सीवीडी) के सबसे खतरनाक कारणों का पता लगाने के लिए आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं की एक टीम ने डॉ. रमना ठाकुर के मार्गदर्शन में अध्ययन किया है। शोध के विवरण करंट प्रॉब्लम्स इन कार्डियोलॉजी (एल्सेवियर) इंपेक्ट फैक्टर : 16.464 नामक जर्नल में प्रकाशित किए गए हैं। आईआईटी मंडी के मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रमना ठाकुर और रिसर्च स्कॉलर गायत्री और सुजाता ने मिल कर यह शोध पत्र तैयार किया है।



शोधकर्ताओं ने भारत के गांव और शहर दोनों के 45 वर्ष उम्र के 59,000 से अधिक लोगों के डाटा का विश्लेषण किया और बीमारी के सबसे खतरनाक कारणों का पता लगाया। अध्ययन में यह देखा गया कि भारत के उम्रदराज व्यस्कों में सीवीडी के प्रकोप और इसके बढ़ने के लिए पर्यावरण प्रदूषण एक खतरनाक कारण है। भारत की अधिकतर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। खाना पकाने और ऐसे अन्य कार्यों के लिए प्रदूषण करने वाले ईंधन का उपयोग करती है। ऐसे ईंधन के जलने से हानिकारक धुआं निकलता है, जो लोगों की सेहत के लिए खतरनाक है। इस अध्ययन में शारीरिक श्रम, व्यायाम जैसे व्यवहार संबंधी सीवीडी के खतरनाक कारणों की भी पहचान की गई।

दिल के रोगों के खतरे को कम करने के लिए शोधार्थियों ने घर के अंदर वायु प्रदूषण कम करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए इस अध्ययन में कुछ सुझाव भी दिए हैं। इन तकनीकों के प्रयोग से सीवीडी की संभावना कम होगी। इनके मुताबिक घरों में तरल पेट्रोलियम गैस, सौर, बिजली और बायोगैस जैसी स्वच्छ तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जाए। अधेड़ उम्र या वृद्धावस्था में भी हल्की से मध्यम शारीरिक गतिविधि करने से हृदय रोग और इससे मृत्यु का खतरा काफी कम होता है। शराब और तंबाकू के खतरों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम करना भी शराब-तंबाकू का चलन और सीवीडी की संभावना कम करने का कारगर उपाय हो सकता है।

## हिमाचल के कई भागों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट, 3 तक मौसम खराब

दर्पण न्यूज सर्विस

**शिमला** । हिमाचल प्रदेश के कई भागों के लिए भारी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में 3 अप्रैल तक मौसम खराब बना रहने की संभावना है। आज भी प्रदेश में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। कुछ भागों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शिमला में भी मौसम खराब बना हुआ है। वहीं, 31 मार्च के लिए निचले व मध्य पर्वतीय कई भागों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। 1 अप्रैल को भी मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 3 अप्रैल को मैदानी, मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में बारिश की संभावना है। चोटियों पर बर्फबारी हो सकती है। शिमला में न्यूनतम तापमान 8.8, सुंदरनगर 10.1, भुंतर 7.8, कल्पा 2.8, धर्मशाला 12.2, ऊना 14.6, नाहन 10.3, केलांग माइनस 1.0, पालमपुर 10.0, सोलन 9.2, मनाली 5.5, कांगड़ा 13.8, मंडी 11.6, बिलासपुर 15.0, हमीरपुर 12.2, चंबा 10.9, डलहौजी 8.0, जुब्बड़हट्टी 10.4, कुफरी 6.5, कुकुमसेरी 0.3, नारकंडा 4.5, रिकांगपिओ 6.0, धौलाकुआं 14.0, बरठीं 12.0, पांवटा साहिब 16.0 और सराहन में 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



वहीं, बीती देर रात आनी के जाबन क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि होने से बागवानों को झटका लगा है। फ्लावरिंग के समय हुई ओलावृष्टि से जहां फलों की सेटिंग प्रभावित करेगी, वहीं सेब की कलियां पत्तों सहित जमीन पर टूट गईं। अत्याधिक ओलावृष्टि होने से कई बागवानों के बांस और जालियां भी टूट गई हैं। कई सेब के पौधों को भी नुकसान पहुंचा है। आनी वैली ग्रोवर एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, महासचिव वीरेंद्र परमार ने बताया कि उनके सेब बहुल क्षेत्र जाबन में बीती रात भारी ओलावृष्टि ने सेब बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। उधर, विधायक आनी लोकेंद्र कुमार ने बताया कि बागवानों को ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग को नुकसान का आकलन करने के लिए कहा गया है।

## हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा चाय को यूरोपियन यूनियन ने दिया जीआई टैग

**पालमपुर।** आने वाले दिनों में अब कांगड़ा चाय उत्पादकों के दिन फिरने वाले हैं। कांगड़ा चाय को अब भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) का दर्जा मिल गया है। कांगड़ा चाय को जीआई टैग यूरोपियन यूनियन से मिला है। इससे कांगड़ा चाय उत्पादकों की आर्थिकी मजबूत हो सकती है। हालांकि, अभी तक इस टैग की जानकारी यूरोपियन यूनियन के ट्विटर हैंडल से मिली है। अंदेशा जताया गया है कि प्रदेश सरकार की ओर से इसकी अधिकारिक सूचना दो तीन दिन में आ सकती है। जानकारी के अनुसार बुधवार को यूरोपियन यूनियन के ट्विटर हैंडल में यह ट्वीट किया गया कि कांगड़ा चाय को जीआई टैग दिया गया है। इससे अब कांगड़ा चाय के उत्पादकों के दिन अच्छे आने वाले हैं। सूत्रों की मानें तो प्रदेश कृषि विभाग एवं हिमाचल प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी इन्वायरनमेंट शिमला (हिमकोज) के साथ करीब पिछले दो साल से कांगड़ा चाय को जीआई टैग दिलाने में लगा था। कांगड़ा चाय को जीआई टैग मिलने पर अब इसकी खुशबू यूरोप के देशों में बिखरेगी। कांगड़ा चाय की बात करें तो अब तक कांगड़ा से करीब चार हजार किलोग्राम चाय का निर्यात कोलकाता में होता है। अब जीआई टैग मिलने से कांगड़ा चाय उत्पादक अपनी चाय का सीधा यूरोपियन देशों में निर्यात कर सकते हैं। सूत्रों की मानें तो यूरोपियन यूनियन के मानकों पर खरा उतरने के बाद ही कांगड़ा चाय को जीआई टैग मिला है। उधर, एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें भी कांगड़ा चाय को जीआई टैग मिलने का पता यूरोपियन यूनियन ट्विटर हैंडल से चला है। इसकी दो तीन दिन में शिमला से आधिकारिक सूचना भी जारी कर दी जाएगी।

## न्यूज डायरी

### नवमी के दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने लगाए जयकारे, चैत्र नवरात्रों का समापन

ज्वालामुखी। शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में वीरवार को नवमी के दिन कन्या पूजन, हवन यज्ञ व वाद्ययंत्रों की ताल पर पूजा अर्चना के साथ चैत्र नवरात्रों का विधिवत समापन किया गया। इस मौके पर एसडीएम डॉ. संजीव शर्मा, डीएसपी विकास धीमान व न्यास के अन्य सदस्यों ने शिरकत की। पुजारी एवं न्यास सदस्य अविनेंद्र शर्मा व दिव्यांशु भूषण दत्त ने विधिवत हवन यज्ञ, पूजन व कन्या पूजन करवाकर नवरात्रों का समापन करवाया। इस उपलक्ष्य पर प्रसाद के रूप में हलवा भी बांटा गया। एसडीएम डॉ. संजीव शर्मा ने नवरात्र शांतिपूर्वक होने पर मंदिर प्रशासन, न्यास सदस्यों, पुजारी वर्ग, पुलिस प्रशासन, नगर परिषद, विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों व स्थानीय लोगों का धन्यवाद किया और बताया कि नवरात्रों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किये गए थे। श्रद्धालुओं के लिए यातायात व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पेयजल, पंक्तिबद्ध दर्शन व लंगर व्यवस्था का अच्छे से पालन किया गया। पुलिस प्रशासन के इंतजाम भी बेहतर रहे। वहीं पुजारी अविनेंद्र शर्मा ने बताया कि विधिवत पूजा अर्चना से चैत्र नवरात्र का समापन हुआ। प्रशासन के इंतजाम काफी बेहतर रहे और हर सुविधा का ख्याल रखा गया। वीरवार को नवमी के दिन भारी संख्या में यूपी के श्रद्धालुओं ने माता ज्वाला की पवित्र ज्योतियों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

### हिमाचल में 255 नए कोरोना संक्रमित, एक मौत, केंद्र से मांगीं एक लाख अतिरिक्त बूस्टर डोज

शिमला। केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश ने एक लाख अतिरिक्त बूस्टर डोज मांगी हैं। कोरोना मरीजों की जरूरत को देखते हुए केंद्र से ये डोज मांगी गई हैं। प्रदेश में कोरोना की जांच के लिए बुधवार को 4,267 लोगों के सैंपल लिए गए। इनमें से 255 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। प्रदेश में कोरोना सक्रिय मामलों की संख्या 755 हो गई है। वहीं, कांगड़ा में 65 वर्षीय संक्रमित व्यक्ति की मौत हुई है। प्रदेश में अब तक 4,196 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। 73 मरीजों ने कोरोना को मात दी है। चार संक्रमित अस्पतालों में दाखिल किए गए। प्रदेश में कोरोना के मामले बढ़ते देख सरकार ने सैंपलिंग बढ़ा दी है और साथ ही बूस्टर डोज के लिए केंद्र से संपर्क किया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक हेमराज बैरवा ने कहा कि कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर सैंपलिंग बढ़ा दी है। केंद्र सरकार से हिमाचल सरकार ने एक लाख बूस्टर डोज मांगी हैं।

### ऊना के नवजोत सिंह, सिरमौर की शालिनी ने जीती 3,000 मीटर दौड़

बिलासपुर। कहलूर खेल परिसर स्थित एथलेटिक्स मैदान में बुधवार को राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज दौड़ प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में मध्यम और लंबी दूरी की दौड़ कराई गई। 3,000 मीटर के लड़कों के वर्ग में ऊना के नवजोत सिंह ने पहला, अभिषेक सिंह ने दूसरा और कुल्लू के ऋषभ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में सिरमौर की शालिनी ने पहला, ऊना की वंशिका ने दूसरा, कुल्लू की युवा देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 5,000 मीटर के लड़कों के वर्ग में रोहित ने पहला, विवेक चौधरी ने दूसरा और मोहित कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में मंडी की आस्था ने पहला, हमीरपुर की राशि ने दूसरा और मंडी की मानशी ठाकुर ने तीसरा प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 15,000, 10,000, 8,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कार्तिकियन गोकुलचंद्रन ने दौड़ को हरी झंडी दिखा कर किया। शुभारंभ अवसर पर जिला खेल अधिकारी रविशंकर ने मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का समापन अतिरिक्त उपायुक्त निधि पटेल ने किया। उन्होंने विजेताओं को इनाम देकर पुरस्कृत किया। इस मौके खेल छात्रावास के प्रभारी मनोज ठाकुर, कोच प्रदीप कालिया मौजूद रहे।

### सहस्त्रधारा स्थल के पास आग भड़की मां रेणुकाजी की प्रतिमा को नुकसान

ददाहू । श्री रेणुकाजी तीर्थ के परिक्रमा मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक सहस्त्रधारा स्थल के समीप बुधवार देर शाम अचानक आग लग गई। इसकी चपेट में आने से मां रेणुकाजी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि आग से मां की प्रतिमा काली पड़ गई है। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जिस समय ये घटना घटी, इसी बीच परिक्रमा मार्ग से घूम कर लौट रहे बडोन निवासी इंद्र प्रकाश गोयल ने सहस्त्रधारा के पानी से आग को बुझाने के साथ काली पड़ी मां की प्रतिमा को साफ करने का प्रयास किया। उन्होंने जले हुए अवशेष वहां से हटा दिए, लेकिन मूर्ति की दशा बिगड़ गई है। उल्लेखनीय है कि सहस्त्रधारा में भगवान परशुराम को दूध पिलाती मां रेणुका की आकर्षक व भव्य प्रतिमा स्थापित है, जहां श्रद्धालु नतमस्तक होकर पुत्र प्राप्ति की कामना करते हैं। ये काफी पवित्र स्थान है। बुधवार देर शाम को वहां अचानक आग लग गई, जिससे वहां होकर गुजर रहे लोग भी भयभीत हो उठे। आग लगने से मां के दरबार में लगी सारी चुनियां जलकर मूर्ति मे चिपक गई हैं। इससे मूर्ति की सूरत भी बिगड़ गई है। स्थानीय लोग इस घटना को नवरात्र में अपशगुन बता रहे हैं। रेणुकाजी विकास बोर्ड के अधिकारी से संपर्क नहीं हो पाया।

### 10 वाई 12 फीट के कमरे से पकड़े 51 जुआरी

शिमला। जिला अदालत चक्कर ने 51 नामित जुआरियों को बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिमला ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए आरोपियों की अपील को स्वीकार किया है। निचली अदालत ने सभी आरोपियों को अदालत की कार्यवाही तक कोर्ट में बैठे रहने और सौ-सौ रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। इस निर्णय को 18 आरोपियों ने अपील के माध्यम से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिमला की अदालत में चुनौती दी थी। मामले के अनुसार 16 अक्तूबर 2014 की रात नौ बजे पुलिस थाना चौपाल को गुप्त सूचना मिली थी कि स्थानीय निवासी राजेंद्र ठाकुर के निमार्णाधीन मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। नौ पुलिस कर्मियों की टीम ने मौके पर जाकर 51 अरोपियों को ताश की तीन गड्डियों और 1.26 लाख रुपये की नकदी के साथ पकड़ा था। मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ न्यायिक दंडाधिकारी चौपाल की अदालत में अभियोग चलाया। निचली अदालत ने सभी आरोपियों को जुआ खेलने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी। अपील की सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से दलील दी गई कि पुलिस ने उन्हें फंसाने की कोशिश की गई है। जिस कमरे से पुलिस ने उन्हें पकड़ा है, वह केवल 10 वाई 12 फीट का कमरा है। इतने से कमरे में 51 लोग मिलकर जुआ नहीं खेल सकते हैं। अदालत ने मामले से जुड़े रिकॉर्ड का अवलोकन पर पाया कि पुलिस ने नियमानुसार मकान की तलाशी में स्वतंत्र गवाह शामिल नहीं किए हैं। अदालत ने पाया कि पुलिस ने जानबूझ कर कमरे के आकार के बारे में जांच में कुछ नहीं लिखा है। इससे प्रतीत है कि पुलिस कमरे के आकार के बारे में कुछ छुपाने की कोशिश कर रही है। पुलिस जांच की विसंगतियों और पुलिस के विरोधाभासी बयानों के आधार पर आरोपियों को सजा नहीं दी जा सकती है। अदालत ने निचली अदालत को खारिज करते हुए आरोपियों की अपील को स्वीकार कर दिया।

### घर से 200 मीटर दूरी पर पलटी कार, युवक की मौत, बुजुर्ग मां-बाप का सहारा छिना

कुल्लू। कुल्लू जिले की रघुपुर घाटी की टकरासी पंचायत के जैबाग गांव के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सड़क से लुढ़क कर करीब 100 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह करीब 8:00 बजे जैबाग से आनी की तरफ जा रही कार घर से मात्र 200 मीटर की दूरी पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही जैबाग गांव के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक को निकालकर उपचार के लिए आनी अस्पताल भेजा, मगर युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान राकेश कुमार (32) पुत्र बेली राम निवासी जैबाग के रूप में हुई है। परिवार में इकलौते बेटे की हादसे में हुई मौत से बुजुर्ग मां-बाप का सहारा छिन गया है। वहीं, राकेश के दो मासूम बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया। उनकी बेटी रवीना आठवीं कक्षा और बेटा विक्रांत पांचवीं पांचवीं कक्षा में पढ़ता है। हादसे में युवक की मौत के बाद मां हीरामणि व पत्नी देवकी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हादसा कैसे हुआ, इसके बारे में जांच चल रही है।

### हिमाचल में 230 शारीरिक शिक्षकों की बैचवाइज भर्ती, काउंसलिंग का शेड्यूल जारी

शिमला। लंबे समय से शारीरिक शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे प्रशिक्षित युवाओं के लिए राहत की खबर है। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नियुक्ति के लिए 230 शारीरिक शिक्षकों की बैचवाइज भर्ती 4 अप्रैल से शुरू होगी। अभ्यर्थी किसी भी जिले की काउंसलिंग में शामिल हो सकेंगे। गृह जिले की ही काउंसलिंग में शामिल होने की कोई शर्त नहीं लगाई गई है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने जिलावार काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिले की काउंसलिंग तिथियां कुछ दिन बाद जारी होंगी। सूबे में 2 मई तक काउंसलिंग चलेगी। हर जिले को काउंसलिंग के लिए दो से तीन दिन दिए गए हैं। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को सरकार की मंजूरी के बाद ही नियुक्ति पत्र देने को कहा गया है। सरकारी स्कूलों में बीते लंबे समय से शारीरिक शिक्षकों के पद नहीं भरे गए हैं। वर्ष 2021 के बजट भाषण में बतौर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शारीरिक शिक्षकों के 870 पद भरने की घोषणा की थी। भर्ती नियमों को लेकर मामला कोर्ट में पहुंचने के चलते यह पद अभी तक भरे नहीं गए हैं। सरकारी स्कूलों में पद खाली होने से कई गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। अब प्रदेश सरकार ने कुल 870 पदों में से 230 पद बैचवाइज आधार पर जल्द भरने का फैसला लिया है। इसके लिए काउंसलिंग जिला स्तर पर होगी।

# आईपीएल मुकाबले आज से शुरू

## पंडित के कोचिंग कौशल की बदौलत फिर आईपीएल खिताब जीतने उतरेगा केकेआर

दर्पण न्यूज सर्विस

**कोलकाता।** दो बार का चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नौ साल बाद दोबारा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा तो उसे कोच चंद्रकांत पंडित की रणनीतिक दक्षता से काफी उम्मीदें होंगी लेकिन टीम को चोटों की समस्या और बल्लेबाजी क्रम में स्तरीय खिलाड़ियों की कमी से पार पाना होगा। पिछले साल दिसंबर में आईपीएल की नीलामी में केकेआर ने आठ खिलाड़ियों को खरीदा था जिसमें बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन डेढ़ करोड़ रुपये के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे। केकेआर ने साथ ही नामीबिया के ऑलराउंडर डेविड वाइसी को एक करोड़ रुपये जबकि तमिलनाडु के फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन

**■ आईपीएल मेजबान के रूप में पदार्पण करेगा पूर्वोत्तर**

को 90 लाख रुपये में खरीदा था। बांग्लादेश के स्टार बल्लेबाज लिटन दास भी केकेआर का हिस्सा हैं। केकेआर ने इसके अलावा वैभव अरोड़ा (60 लाख रुपये), सुयश शर्मा (20 लाख रुपये), कुलवंत खेजरोलिया (20 लाख रुपये) और मनदीप सिंह (50 लाख रुपये) को भी अपने साथ जोड़ा था। एक अप्रैल को मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ केकेआर के पहले मैच से पूर्व टीम का विश्लेषण इस प्रकार है।

**मजबूती:** केकेआर का सबसे मजबूत पक्ष टीम में स्तरीय ऑलराउंडरों की मौजूदगी है। वर्षों से कोलकाता की



टीम ने अपने ऑलराउंडर विभाग को मजबूत करने पर ध्यान दिया है और इस बार भी ऐसा ही है। आंद्रे रसेल और सुनील नारायण की वेस्टइंडीज की जोड़ी ने अतीत में अपनी छाप छोड़ी है लेकिन कई बार इनमें प्रदर्शन में निरंतरता की कमी नजर आती है। शाकिब, डेविड और वेंकटेश अय्यर के रूप में टीम के पास अन्य स्तरीय ऑलराउंडर हैं। लेकिन सभी की नजरें पंडित पर टिकी होंगी जिन्होंने केकेआर के कोच के रूप में ब्रेंडन मैकुलम की जगह ली है। पंडित पहली बार किसी आईपीएल टीम को कोचिंग दे रहे हैं। वह हालांकि इससे पहले तीन अलग राज्य संघों के साथ छह बार रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में मुंबई, विदर्भ और मध्य प्रदेश ने रणजी खिताब जीते। शुक्रवार से शुरू हो रहा आईपीएल पंडित की कोचिंग दक्षता की परीक्षा होगी और वह टीम को 2014 के बाद पहला खिताब दिलाने का प्रयास करेंगे।

**कमजोरी:.** श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी से केकेआर का शीर्ष क्रम कमजोर होगा जो टीम के लिए चिंता का विषय है। अय्यर के पीठ की चोट के कारण इस साल पूरे आईपीएल से बाहर रहने की संभावना है। पिछले साल केकेआर अपनी सलामी जोड़ी से सफलता हासिल नहीं कर पाया था जो उसके जूझने का मुख्य कारण था। अब यह देखना होगा कि इस साल पंडित इस विभाग में कैसे सुधार करते हैं। केकेआर लिटन और नारायण की दाएं और बाएं हाथ की जोड़ी के साथ पारी का आगाज करा सकता है जबकि कप्तान नितीश राणा, जगदीशन, शाकिब और रसेल मध्य क्रम में भूमिका निभाएंगे। शीर्ष क्रम में वेंकटेश भी पंडित के लिए विकल्प हो सकते हैं लेकिन नया कोच टीम में अधिक बदलाव से बचना चाहेगा।

**मौके:.** केकेआर की टीम पिछले कुछ आईपीएल में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है और पिछले साल तो वह 10 टीम में सातवें स्थान पर रही थी। आगामी सत्र में टीम के पास अपने आलोचकों को गलत साबित करने का मौका होगा। टीम के पास नया कोच है जो जानता है कि सकारात्मक नतीजे कैसे हासिल किए जाते हैं। सुझावों की कोई कमी नहीं होगी लेकिन खिलाड़ियों को इसे मैदान पर अमलीजामा पहनाना होगा। शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी अगर टीम के लिए चिंता का विषय है तो केकेआर के पास मजबूत गेंदबाजी इकाई है। उमेश यादव तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे जबकि शारदुल ठाकुर और टिम साउथी उनका साथ देंगे। शाकिब, नारायण और वरूण चक्रवर्ती स्पिन विभाग में जिम्मेदारी संभालेंगे।

**खतरा:.** केकेआर के लिए सबसे बड़ा खतरा व्यक्तिगत प्रदर्शन पर निर्भरता है और कोच पंडित को इस विभाग पर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि आईपीएल जैसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट को जीतने के लिए किसी भी टीम को टीम प्रयास की जरूरत होगी। इस तरह के मौके आए हैं जब एक या दो खिलाड़ियों ने टीमों को मैच जिताए हों लेकिन क्रिकेट टीम खेल है और दीर्घकाल में सफलता की कुंजी सामूहिक प्रयास ही है।

## एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में भारत को जापान के साथ जगह मिली



दर्पण न्यूज सर्विस

**नयी दिल्ली।** भारत को 15 जून से दो जुलाई तक थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए गुरुवार को ग्रुप डी में जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के साथ जगह मिली। ड्रॉ समारोह का आयोजन बैंकॉक में किया गया। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीम पेरू में होने वाले 2023 फीफा अंडर-17 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने बयान में कहा, 'ड्रॉ में हमें जिस ग्रुप में रखा गया है उसे लेकर हम सभी रोमांचित हैं। हमें स्तरीय विरोधियों का सामना करना होगा और खिलाड़ी इसे लेकर उत्सुक हैं। प्रत्येक फुटबॉलर हर स्तर पर सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना चाहता है और जापान निश्चित तौर पर अभी एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक है।' उन्होंने कहा, 'हम पहले भी वियतनाम और उज्बेकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ खेल चुके हैं और हमने उनके खिलाफ कुछ अच्छे नतीजे हासिल किए इसलिए हमें उम्मीद है कि हम अपना लक्ष्य हासिल करेंगे जो (फीफा अंडर-17) विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय टीम बनना है।' एएफसी अंडर-17 एशियाई कप का आयोजन चार स्थलों पर किया जाएगा जिसमें बैंकॉक का राजमंगला स्टेडियम, पाथुम थानी का थमासत और बीजी स्टेडियम और चोनबुरी का चोनबुरी स्टेडियम शामिल है।

## अक्षर पटेल ने कहा, उप कप्तानी मेरी कड़ी मेहनत का इनाम

नयी दिल्ली। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स के उप कप्तान की अपनी नई भूमिका को लेकर रोमांचित हैं और उनका कहना है कि पिछले कुछ सत्र में उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए जो कड़ी मेहनत की है यह उसका पुरस्कार है। ऑलराउंडर अक्षर ने दिल्ली के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कहा, 'मेरे नजरिए से अगर आपको यह भूमिका मिली है तो इसका मतलब है कि सीनियर खिलाड़ी के रूप में आपने प्रगति की है। यह आपने टीम के लिए जो भी किया है उसके पुरस्कार की तरह हैं। मैं इस भूमिका को लेकर रोमांचित हूं।' उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश टीम पहले वाली है, पिछले तीन-चार साल से वही खिलाड़ी खेल रहे हैं। हम अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह जानते हैं और यह महत्वपूर्ण बिंदू है।' दिसंबर में कार दुर्घटना में चोटिल हुए ऋषभ पंत के स्थान पर दिल्ली की टीम ने मौजूदा सत्र में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर को कप्तान नियुक्त किया है। अक्षर ने कहा कि वह नए कप्तान वार्नर का पूरा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, 'डेविड प्रतिभावान खिलाड़ी है। मैं उसे ऐसा माहौल दूंगा जिसमें वह अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल कर सके।

## आईओसी ने आईओए से बिना विलंब किये सीईओ नियुक्त करने को कहा

दर्पण न्यूज सर्विस

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से बिना किसी विलंब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को नियुक्त करने को कहा है। आईओसी ने इसके साथ ही 140वें सत्र के इस साल मुंबई में आयोजित होने की पुष्टि की। आईओसी ने बुधवार रात यहां अपने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान औपचारिक रूप से आईओए चुनावों के परिणामों को स्वीकार किया। आईओसी से जारी बयान के मुताबिक, 'कार्यकारी बोर्ड ने इस बात का संज्ञान लिया कि छह दिसंबर 2022 को एनओसी (राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) चुनाव सफलतापूर्वक हुए और एक नया अध्यक्ष चुना गया। आईओसी ने औपचारिक रूप से चुनावों के




परिणामों को स्वीकार किया और यह भी पुष्टि की कि 2023 आईओसी सत्र का आयोजन मुंबई में होगा।' बयान में कहा गया, ' एनओसी ने हालांकि अभी तक संविधान के अनुसार नये सीईओ/महासचिव की नियुक्ति नहीं की है। आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने बिना किसी और देरी के नियुक्ति प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए भारत के एनओसी से आग्रह किया।' सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित समिति ने आईओए का संविधान तैयार किया था जिसका अनुमोदन आईओसी ने किया था। इस संविधान के मुताबिक आईओए को कार्यकारी परिषद के गठन के बाद एक महीने के अंदर सीईओ को नियुक्त करना था। सीईओ महासचिव के कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगा। पीटी उषा के नेतृत्व में आईओए की नयी परिषद ने 10 दिसंबर को कार्यभार संभाला था, लेकिन आज तक सीईओ नियुक्त नहीं किया गया है। आईओए के संयुक्त सचिव और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे सीईओ के कार्यों का निर्वहन करते रहे हैं। सीईओ मतदान के अधिकार के बिना कार्यकारी परिषद का पदेन सदस्य होगा। आईओसी के 140वें सत्र का आयोजन 15, 16 और 17 अक्टूबर को मुंबई के 'जियो वर्ल्ड सेंटर' में होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### कार्तिक शर्मा संयुक्त चौथे स्थान के साथ भारतीयों में शीर्ष पर

**बेंगलुरू।** कार्तिक शर्मा (66 और 67) दूसरे दौर के बाद यहां कुल 11 अंडर 133 के स्कोर से तीन लाख डॉलर इनामी द चैलेंज 2023 गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त चौथे स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर चल रहे हैं। स्विट्जरलैंड के जोएल गिरबैक (69 और 64) और फ्रांस के फ्रेड्रिक लेकरोइक्स (67 और 66) भी संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के एलेक्स फिट्जपैट्रिक ने लगातार दूसरे दौर में सात अंडर के स्कोर के साथ कुल 14 अंडर 130 के स्कोर से बढ़त बना ली है। भारत के अमन राज भी दूसरे दौर में 67 के स्कोर से कुल नौ अंडर 135 के स्कोर से संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। उदयन माने और एम धर्मा दोनों आठ अंडर 136 के स्कोर से संयुक्त 15वें स्थान पर हैं।

### आईपीएल के शुरूआती चरण में नहीं खेल पाएंगे हेजलवुड, मैक्सवेल का पहले मैच में खेलना अनिश्चित

**नयी दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शुक्रवार से अहमदाबाद में शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग के शुरूआती चरण में नहीं खेल पाएंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू' की एक रिपोर्ट के मुताबिक हेजलवुड को टी20 टूर्नामेंट के बाद के चरण में खेलने की उम्मीद है। यह 32 वर्षीय तेज गेंदबाज पैर की चोट से उबर रहा है जिसके कारण वह भारत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हेजलवुड आईपीएल में भाग लेने का फैसला करने से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ से सलाह लेंगे। इस महीने भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के अंतिम दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से बाहर रहे ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का भी बेंगलुरू में दो अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह अभी तक पैर की चोट से उबर नहीं पाए हैं।

### सिंधू, श्रीकांत मैड्रिड मास्टर्स में जीते

**मैड्रिड।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां मैड्रिड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के अपने पहले दौर के मैच जीत लिये लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टेडेलमैन को 21-10 21-4 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने अपने राउंड ऑफ 32 मैच में थाईलैंड के सिथिकोम थमासिन को 21-11 25-27 23-21 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। स्विस ओपन का ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी का सामना जापानी जोड़ी अयातो एंडो और युता ताकेई से था। सात्विक के घुटने में चोट लगने के बाद भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई। भारतीय जोड़ी पहले गेम में ब्रेक के समय 9-11 से पीछे थी। इस बीच आकर्षी कश्यप ने अपने पहले दौर के मैच में कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली को 12-21 21-15 21-18 से हराकर उलटफेर किया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को हालांकि जापान की रीना मियाउरा और अयाको सकुरामोतो के खिलाफ पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य पुरुष एकल मैच में बी साई प्रणीत ने जॉन लौडा को हराया।

### डेनर्बी ने ओलंपिक क्वालीफायर के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनर्बी ने किर्गिस्तान के बिश्केक में चार अप्रैल से होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के पहले दौर के लिये बुधवार को 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की। तुर्कमेनिस्तान के टूर्नामेंट से हटने के बाद ग्रुप जी में भारत के अलावा मेजबान किर्गिस्तान एकमात्र अन्य टीम है। दोनों टीम चार अप्रैल और सात अप्रैल को दो बार आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम उज्बेकिस्तान से किर्गिस्तान पहुंचेगी जहां उन्होंने ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी के लिए उज्बेकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के खिलाफ एक मैत्री मैच खेला था। भारतीय टीम ने जोर्डन में भी दो मैत्री मैच खेले। **गोलकीपर:** सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुड्डा और इलांगबम पेंथोई **डिफेंडर:** आशालता देवी, स्वीटी देवी, रितु रानी, रंजना चानू, मिशेल केस्टेंहा, डालिमा छिब्बर, मनीषा पन्ना और जूली किशन। **मिडफील्डर:** सिल्की देवी हेमाम, अंजू तमांग, इंदुमती कथीरेसन, संगीता बासफोर और कार्तिका अंगमुथु। फॉरवर्ड ग्रेस डेंगमेई, सौम्या गुगुलोथ, रेणु, करिश्मा शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन और अपर्णा नारजरी।

# घर पर बनाए स्वादिष्ट बिहारी मटन

बिहारी मटन रेसिपी बहुत ही लोकप्रिय और स्वादिष्ट डिश है यह विशेष रूप से बिहार, बंगाल, असम, और अन्य राज्यो में खाया जाता है। इसे हम प्लेन रोटी अथवा चावल या गरमा गरम लिट्टी के साथ सर्व कर सकते हैं और साथ में कच्चा प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ते की चटनी हो तो ज़ायका और भी दुगना हो जाएगा।

## सामग्री

- मटन – 1 किलो
- प्याज – 300–350 ग्राम
- सरसो तेल – 100 एमएल
- नमक – स्वाद अनुसार
- लहसुन – 2
- जीरा
- साबुत लाल मिर्च – 3–4
- तेजपत्ता – 1–2
- छोटी इलायची –3–4
- लौंग – 2–3
- बड़ी इलायची – 2
- साबुत काली मिर्च – 4–5
- दालचीनी – 1 टुकड़ा
- जावित्री
- जायफल
- मटन मसाला
- घी – 1 चम्मच
- पानी
- धनिया पत्ता



## मरीनेशन के लिए सामग्री

दही – 2 चम्मच
जीरा पाउडर – 2 चम्मच
लहसुन अदरक का पेस्ट – 2 चम्मच
धनिया पाउडर– 1 चम्मच
काली मिर्च – 1 चम्मच
हल्दी – 1 चम्मच
पिसा हुआ प्याज – 150 ग्राम
लाल मिर्च पाउडर – 2 चम्मच

## बनाने की विधि

सबसे पहले अगर 1 किलो मटन है तो 300-350 प्याज डालेंगे। आधे प्याज़ को पीस लेंगे और आधे काट लेंगे। मटन को मेरिनेट करने के लिए 2 चम्मच दही, 2 चम्मच जीरा, 1 चम्मच धनिया, 1 चम्मच काली मिर्च, 1.5 चम्मच हल्दी और 2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर लेंगे और पिसे हुए प्याज़ डाल कर आधे घंटे छोड़ देंगे। गर्म सरसों तेल में सबसे पहले साबुत जीरा, 4-5 साबुत लाल मिर्च, तेजपत्ता, 4-5 छोटी इलायची, 4-5 लोंग, 2 बड़ी इलायची, 2-3 साबुत लहसुन, 4-5 साबुत काली मिर्च, एक छोटी दालचीनी डालेंगे अगर जावित्री जायफल हो तो वो भी डाल सकते हैं । फिर आधे कटे प्याज़ को हल्का भून कर मैरिनेटेड मटन और नमक डाल देंगे। अगर पतीले में या कुकर में बना रहे हैं तो ढक ढक कर थोड़ी थोड़ी देर पे भूनते रहें। जब मटन पूरी तरह तेल छोड़ दे तो उसमें अपने स्वादानुसार मटन मसाला 1 चम्मच घी और पानी डाल कर ढक दे। मटन पकने के बाद उसे उतार कर थोड़ी देर ढक कर छोड़ दे। धनिया पत्ती से गार्निश कर के गरमा गरम परोसें।



# ऐसे बनाएंगे तो 2 मिनट में ही तैयार हो जाएगी मैगी

आज के समय में मैगी सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। चाहे बड़े हों या छोटे मैगी सबकी पसंद है। मैगी के भी कई वैरायटी होते हैं। आग सिंपल मैगी के अलावा वेज मैगी, चीज मैगी, एग मैगी सहित कई तरीके से बना सकते हैं। खाने में स्वादिष्ट मैगी भी कई तरह के होते हैं। आटा मैगी से लेकर ओट्स मैगी भी मार्केट में मौजूद हैं। मैगी के बारे में सबसे पॉपुलर चीज ये है कि उसे दो मिनट में बनाया जा सकता है। लेकिन आपने नोटिस किया होगा कि मैगी को बनाने में दो मिनट से ज्यादा समय लगता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि बचपन से दो मिनट में तैयार होने की ये बात झूठ थी। लेकिन आज हम आपको वो तरीका बताने जा रहे हैं, जिसके जरिये आप मैगी को दो मिनट में तैयार कर सकते हैं। हम आपको प्लेन मैगी बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं वो भी सिर्फ दो मिनट में। इसके लिए आपको चाहिए 1 पैकेट मैगी और 1 गिलास पानी।

- दो मिनट में मैगी बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी खौला कर उसे उबाल लें। मैगी को उबाल कर अलग रख दें।
- अब बॉयल्ड मैगी को अलग रख लें। आप इसे फ्रिज में भी स्टोर कर रख सकते हैं।
- जब आपको मैगी खाने का मन करे, तो पैन में पानी डालें और उसे उबाल लें। 1 मिनट में पानी गर्म हो जाएगा।
- अब इसमें नमक डालें और मैगी मसाला डालें।
- तुरंत इसमें उबाल आ जाएगा। अब इसमें उबला हुआ मैगी मिलाएं और उसे अच्छे से मिक्स कर लें।
- लीजिये तैयार हो गया 2 मिनट में मैगी। एन्जॉय करें।
- आप चाहें तो उसमें चीज डाल सकते हैं। इससे मैगी का स्वाद बढ़ जाएगा।



# चटपटे खाने के हैं शौकीन तो घर पर बनाएं स्वादिष्ट स्ट्रीट स्टाइल आलू सेव



अगर आप आलू खाने के शौक़ीन हैं, तो आपको इस रेसिपी को ज़रूर आज़माना चाहिए। सुनहरे भूरे और कुरकुरे आलू, कई तरह के मसालों के साथ और ऊपर से कुछ मलाईदार लहसुन मेयोनेज़ और सेव के साथ परोसें, वास्तव में यह बहुत स्वादिष्ट रेसिपी है। इस स्वादिष्ट आलू चाट को बनाने के लिए, आपको बस कुछ सामग्री की आवश्यकता है। अगर आप घर पर नई रेसिपी ट्राई करना पसंद करते हैं, तो इस रेसिपी को नोट कर लें। इस डिश को आप किसी पार्टी, फैमिली गेट टुगेदर, चाय के साथ परोस सकते हैं या डिनर में भी खा सकते हैं। इस रेसिपी में आलू पहले से उबले हुए हैं, इसलिए आपको उन्हें ज्यादा पकाने की जरूरत नहीं है। कुरकुरे बाहरी हिस्से को देने के लिए बस उन्हें थोड़ा सा भूनें। बच्चे हों या बड़े, यह रेसिपी सभी को जरूर पसंद आएगी। इस रेसिपी को ज़रूर ट्राई करें,और घर के सभी मेम्बर्स को इंप्रेस करें।

- 4 उबले आलू के टुकड़ो में कटा हुआ
- 1 छोटी कटी हुई हरी मिर्च
- 1 बड़ा चम्मच सूखे आम का पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच चाट मसाला
- 2 बड़े चम्मच लहसुन मेयोनेज़
- आवश्यकता अनुसार नमक
- 2 बड़े चम्मच अनार के दाने
- 1 बड़ा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच धनिया पाउडर
- 2 बड़े चम्मच सेव
- 2 बड़े चम्मच कटा हरा धनिया
- 3 बड़े चम्मच वनस्पति तेल

## बनाने की विधि

- आलू को हल्का सा फ्राई करें। एक पैन में थोडा सा तेल गरम करें। और जीरा, हरी मिर्च डालकर तड़कने दें। फिर इसमें आलू डालकर हल्का सुनहरा होने तक और कुरकुरे होने तक फ्राई करें।
- लाल मिर्च पाउडर, अमचूर पाउडर, धनिया पाउडर, चाट मसाला और नमक डालें। एक अच्छा मिश्रण दें।
- चाट को प्याले में निकाल लीजिए। अनार, धनिया पत्ती, सेव और लहसुन की चटनी से गार्निश करें। टॉस दें और परोसें।



# चंडीगढ़ में 'जनपरिचय' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## उपयोगकर्ता को आधार /पैन/डीएल के साथ ई-केवाईसी से गुजरना होगा

■ **इसका उद्देश्य सभी को 'जनपरिचय' की कार्यात्मकताओं से परिचित कराना था, जो सभी ऐप्स के लिए एक डिजिटल पहचान के रूप में कार्य करता है**



**भूपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** 'जनपरिचय' की कार्यप्रणाली से सभी को परिचित कराने के उद्देश्य से एनआईसी पंजाब ने शासन सुधार विभाग (डीजीआर) पंजाब और एनआईसी दिल्ली 'जनपरिचय' टीम के सहयोग से एमजीएसआईपीए, चंडीगढ़ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। निदेशक डीजीआर श्री गिरीश दयालन, उप महानिदेशक एनआईसी, पंजाब श्री विवेक वर्मा, एसआईओ एनआईसी हरियाणा श्री दीपक बंसल और एसआईओ एनआईसी चंडीगढ़ यूटी श्री रमेश गुप्ता ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ कार्यशाला में भाग लिया। 'जनपरिचय' एक सिंगल साईन ऑन प्लेटफॉर्म है, जो सभी ऐप्लीकेशनों (ऐप्स) के लिए एक डिजिटल पहचान के तौर पर काम करता है।

यह कार्यशाला करवाने का मकसद हर किसी को 'जनपरिचय' की कार्यकुशलताओं और नागरिक केंद्रित सेवाओं में इसकी भूमिका से अवगत करवाना था। यह प्रणाली प्रामाणिकता और पहचान प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा नागरिकों (जी2सी) को निर्विघ्न सेवाओं देने में सहायता प्रदान करती है। इसका प्रस्ताव मीआईटी द्वारा दिया गया था और एन.आई.सी., सी-डेक और एनईजीडी को ''मेरी पहचान'' के अंतर्गत नेशनल सिंगल साईन ऑन (एन.एस.एस.ओ.) प्लेटफॉर्म बनाने का जिम्मा सौंपा गया था। 'जनपरिचय' का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक केंद्रित सेवाओं तक पहुँचने के लिए बार-बार अपनी पहचान साबित करने की आवश्यकता को समाप्त करके नागरिकों को सुविधा सुनिश्चित करना था। कोई भी नागरिक, जो कुछ सरकारी सेवाओं के लिए पंजीकरण कराना चाहता है, अपने सोशल मीडिया खातों का उपयोग करके भी 'जनपरिचय' का उपयोग कर सकता है। उपयोगकर्ता को आधार /पैन/डीएल के साथ ईकेवाईसी से गुजरना होगा।

तो 'जनपरिचय' के साथ, एक नागरिक लॉगइन कर सकता है और कई सेवाओं को सुचारू रूप से एक्सेस कर सकता है। यह छह अलग-अलग भाषाओं को स्पोर्ट करता है और जीओ-फेंसिंग को भी एकीकृत करने की प्रक्रिया में है। नागरिकों की सुविधा के लिए पंजाब में सभी नागरिक केंद्रित सेवाएं 'जनपरिचय' के माध्यम से प्रदान की जाएंगी। इस बीच, 'जनपरिचय' दिल्ली टीम के अधिकारियों ने कार्यशाला के दौरान सुविधाओं, कार्यात्मकताओं, प्रवासन रणनीतियों और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी और कुछ केस स्टडीज प्रस्तुत कीं। टीम ने उन चुनौतियों के बारे में भी बताया जो आज सेवाओं के वितरण और 'जनपरिचय' की आवश्यकता के सामने आ रही हैं। एसआईओ हरियाणा और एसआईओ चंडीगढ़ ने एनआईसी पंजाब, डीजीआर और एनआईसी दिल्ली टीम द्वारा इस तरह की पहल के लिए सराहना की।

# जी 20 में शामिल होने आए प्रतिनिधियों को मिलेगा शानदार उपहार, 100 आर्ट वर्क तैयार

■ **प्रिंट किस प्रकार तैयार होता है, डेलीगेट को भी इसका डेमो दिया जाएगा**




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** ट्राइसिटी के युवा कलाकार डॉ. राहुल धीमान और रश्मिता कनोजिया ने जी-20 के लिए 100 आर्ट वर्क तैयार किए हैं। ये कलाकृतियां जी- 20 में शामिल होने के लिए आए विदेशी डेलीगेट को उपहार के रूप में प्रदान किया जाएगा। चंडीगढ़ ललित कला अकादमी की ओर से यह काम ट्राइसिटी के युवा कलाकार डॉ. राहुल धीमान और रश्मिता कनौजिया को सौंपा गया। प्रिंट किस प्रकार तैयार होता है, डेलीगेट को भी इसका डेमो दिया जाएगा। इस कलाकृति को प्रिंट चंडीगढ़ का नाम दिया गया है। डेमो के दौरान युवा कलाकार राहुल धीमान और रश्मिता कनोजिया द्वारा ब्लॉक प्रिंटिंग की जाएगी। इसमें उन्होंने चंडीगढ़ पर आधारित रिलीफ ब्लॉक बनाए हैं। डॉ. राहुल धीमान ने बताया कि इसके पहले से ही 100 प्रिंट्स निकल लिए गए हैं और उन्हीं रिलीफ ब्लॉक के ही वर्कशॉप (डेमो) के दौरान प्रिंट निकाले जाएंगे।

इस कार्यक्रम से कुछ दिन पहले डॉ. धीमान और रश्मिता कनोजिया ने एक रिलीफ ब्लॉक तैयार किया था, जिसके उन्होंने 100 प्रिंट्स निकाले थे। यह आर्ट वर्क चंडीगढ़ के हेरिटेज और आर्किटेक्ट पर आधारित हैं। ये कलाकृतियां ओपन हैंड आर्ट स्टूडियो चंडीगढ़ में तैयार किए गए। यह कार्य चंडीगढ़ ललित कला अकादमी द्वारा दोनों युवा कलाकारों को दिया गया था। इसी तरह जनवरी में भी जब जी-20 की बैठक हुई थी, उस दौरान भी 200 प्रिंट निकाले कर विदेश से आए डेलीगेट्स को उपहार के रूप में दिए गए थे। इन प्रिंट्स पर जो कलाकृति हुई है वह चंडीगढ़ की खूबसूरती और आर्किटेक्ट और यहां की जो प्रकृति है उसे प्रदर्शित करती है। डॉ. राहुल धीमान ने गवर्नमेंट आर्ट कॉलेज से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट (बीएफए) और मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) पास हैं। उन्होंने पांच वर्ष तक यहां पर असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में भी कार्य किया। डॉ. धीमान को राज्य और राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। रश्मिता कनौजिया गवर्नमेंट आर्ट कॉलेज से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट (बीएफए) और मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) पास हैं। वे ट्राईसिटी युवा कलाकार के रूप में कार्य कर रही हैं। रश्मिता कनोजिया को चंडीगढ़ का राज्य पुरस्कार मिल चुका है और कई राष्ट्रीय प्रदर्शनी में उनके कला कृति को चयन किया गया है।

# पीयू सीईटी यूजी की दाखिला परीक्षा 16 नहीं, अब 23 अप्रैल को



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी की ओर से बुधवार को पीयू सीईटी यूजी के तहत दाखिले की प्रवेश परीक्षा की तारीख अब 23 अप्रैल रहेगी। पहले परीक्षा 16 अप्रैल को आयोजित करवाई जानी थी। इसके तहत बीएससी के विभिन्न कोर्सेज और बीफॉर्मा में दाखिला दिया जाएगा। इसके लिए उम्मीदवारों को आवेदन पीयू की वेबसाइट पर बुधवार तक करना था। वहीं दाखिला फीस जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार तक है। विद्यार्थी इससे संबंधित जानकारी वेबसाइट https://cetug.puchd.ac.in पर देख सकते हैं। पीयू सीईटी-यूजी की दाखिला परीक्षा के लिए पीयू की ओर से चार जगहों पर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें चंडीगढ़, लुधियाना, मुक्तसर और होशियारपुर शामिल है। पीयू सीईटी-यूजी के लिए पंजीकरण फीस सामान्य श्रेणी के लिए 2395 रुपये, एससी/एसटी /पीडब्ल्यूडी के लिए 1198 रुपये और एडिशनल पेपर बायोलॉजी/ मैथेमेटिक्स के लिए 475 रुपये होगी। पीयू ने बीएससी ऑनर्स में चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू कर दिया है।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर-6 में की गई गुग्गा माड़ी की मूर्ति स्थापना




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पंचकूला।** लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर 6 पंचकूला में वीरवार को गुग्गा माड़ी की मूर्ति स्थापना की गई। भक्तिमय वातावरण में स्थापना हुई। पंडितों की ओर से किए मंत्रोच्चारण के बीच मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठापित कर-के सुख समृद्धि की कामना की। लोक कल्याण के लिए मूर्ति को मंदिर में प्रतिष्ठापित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों का अध्यात्मिक मार्गदर्शन किया जा सके। मंदिर के पैटर्न एवं पंचकूला महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि यह जरूरी है कि सभी को धर्म मार्ग से जोड़ कर पूजा अर्चना जैसे अनुष्ठान अधिक से अधिक किए जाएं, तभी देश व समाज में समृद्धि का वातावरण पैदा हो सकता है। विद्वान पंडितों ने प्रतिष्ठापित की गई मूर्ति के समक्ष यह भी संकल्प दोहराया कि समाज में भाईचारे की भावना को बनाए रखने के लिए भी प्रयास तेज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बाबा जाहरवीर (गोगाजी) के भक्त अपने घरों में ईष्टदेव की वेदी बनाकर अखंड ज्योति जागरण कराते हैं तथा गोगा देवजी की शौर्य गाथा एवं जन्म कथा सुनते हैं।

इस प्रथा को जाहरवीर का जोत कथा जागरण कहा जाता है। गोगा नवमी पर कई स्थानों पर इस दिन मेले लगते हैं व शोभायात्राएं निकाली जाती हैं। निशानों का यह कारवां कई शहरों में पूरी रात निकलता है। इस दिन भक्त अपने घरों में जाहरवीर पूजा और हवन करके उन्हें खीर तथा मालपुआ का भोग लगाते हैं। उन्होंने समाज के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विक्रम भौजिया, चेयरमैन विजय धीर, पैटर्न कुलभूषण गोयल, महासचिव संदीप सिंगला, वित्त सचिव हरगोबिंद गोयल, महिला मंडल से तारा गुप्ता, उर्मिल धीर, उर्मिल सहगल, अंजू गोयल मौजूद रहे।

## तीनों मंदिरों में नोवें दिन आया 31 लाख 48 हजार 421 रुपये चढ़ावा

**पंचकूला।** चैत्र नवरात्र मेले के नोवें दिन आज श्री माता मनसा देवी, श्री काली माता मंदिर कालका व चंडी माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने कुल 31 लाख 48 हजार 421 रुपए की राशि दान स्वरूप अर्पित की। श्री माता मनसा देवी मंदिर में आज 1 लाख 20 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री महावीर कौशिक ने बताया कि श्री माता मनसा देवी मंदिर में 25 लाख 01 हजार 794 रुपये, श्री काली माता मंदिर कालका में 5 लाख 02 हजार 647 रुपये और चंडी माता मंदिर में 1 लाख 43 हजार 980 रुपये दान स्वरूप अर्पित किए गए। उन्होंने बताया कि इसके अलावा श्री माता मनसा देवी मंदिर में सोने के 2 और चांदी के 50 नग और काली माता मंदिर कालका में सोने के 2 और चांदी के 61 नग भी दान स्वरूप अर्पित की गये।

# एफसीआई घोटाले के आरोपी राजीव मिश्रा की जमानत दूसरी बार खारिज

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** एफसीआई में करोड़ों के घोटाले में सीबीआई की विशेष अदालत ने बुधवार को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के उपमहाप्रबंधक (डीजीएम) राजीव कुमार मिश्रा की जमानत याचिका को दूसरी बार खारिज कर दिया। राजीव कुमार मिश्रा ने इससे पहले 22 मार्च को जमानत याचिका लगाई थी। बता दें कि सीबीआई ने जनवरी में ऑपरेशन कनक के तहत छह महीने तक एफसीआई में घोटाले की जांच की थी। सीबीआई ने जांच पूरी करने के बाद राजीव कुमार मिश्रा और रविंद्र सिंह खेड़ा को पचास हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इनकी गिरफ्तारी के बाद पूरा घोटाला सामने आया था। इस मामले में सीबीआई ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के उपमहाप्रबंधक (डीजीएम) राजीव कुमार मिश्रा और खरड़ की एग्रो इंडस्ट्रीज के मालिक रविंद्र सिंह खेड़ा और मैनेजर सतीश कुमार वर्मा तीन लोगों को ही गिरफ्तार किया है, जबकि एफआईआर में 75 आरोपियों के नाम शामिल हैं। सीबीआई के मुताबिक एफसीआई के अधिकारी प्राइवेट मिलर्स को फायदा पहुंचाने के लिए मोटी रिश्वत ले रहे थे, जिस वजह से प्राइवेट मिलर्स घटिया किस्म का अनाज एफसीआई के गोदामों में पहुंचाते थे। गोदाम में आने वाले हर एक ट्रक पर रिश्वत तय थी। घटिया अनाज लोगों तक पहुंच रहा था।

### सीबीआई ने की 50 ठिकानों पर रेड

सीबीआई ने ऑपरेशन कनक के तहत एफसीआई अधिकारियों, चावल मिल मालिकों व बिचौलियों के सिंडिकेट में संदिग्धों की पहचान करने के लिए छह महीना लंबा अंडरकवर ऑपरेशन चलाया। इसके बाद एफसीआई के कार्यकारी निदेशक सुदीप सिंह समेत कुल 75 आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की एफआईआर दर्ज की गई। इनमें 34 सेवारत अधिकारी, तीन सेवानिवृत्त और 17 निजी लोग व 20 कंपनियां शामिल हैं।

# विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सज रहा यादविंद्रा गार्डन

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पिंजौर।** यादविंद्रा गार्डन पिंजौर में पहुंचने वाले विदेशी मेहमानों की मेहमान नवाजी में कोई कसर न रह जाए इसके लिए प्रशासन सहित हरियाणा पर्यटन निगम तैयारियों में जुटा है। जी-20 प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में 31 मार्च को आयोजित होने वाले रात्रि भोज का आयोजन पिंजौर शहर के यादविंद्रा गार्डन में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न देशों के लगभग 180 प्रतिनिधियों को रात्रि भोज के साथ-साथ यादविन्द्रा गार्डन की ऐतिहासिक धरोहर से भी रूबरू होने का मौका मिलेगा। मेहमानों को लुभाने के लिए गार्डन के 7 टैरेस को रंग-बिरंगी लाइटों सहित फूलों से सजाया जा रहा है। गार्डन की दीवारों पर पेंट आदि कर उन्हें चमकाया जा रहा है। सफाई व्यवस्था की भी पुख्ता किया जा रहा है। इसके अलावा गार्डन में लगे फव्वारों से रंग-बिरंगी लाइटों में निकलता पानी भी मेहमानों को अपनी ओर खींचेगा। गार्डन में फ्लड लाइट, हाई मास्ट लाइट से निकलती रोशनी गार्डन को और आकर्षक बनाएगी। दो हाईजेट फव्वारे जो अधिकतर बंद ही रहते हैं उन्हें भी मेहमानों के पहुंचने पर चलाया जाएगा। इसके साथ साथ बंद या खराब पड़े फव्वारों को ठीक कर दिया गया है। नहरों में लगे मार्बल आदि को साफ किया जा रहा है।

### करीब 40 लावारिस कुत्तों को दिखाया बाहर का रास्ता

जानकारी के अनुसार, गार्डन परिसर में करीब 40 लावारिस कुत्ते घूमते रहते थे। अधिकतर लावारिस कुत्तों को पकड़कर अन्य जगह ले जाया गया है। विदेशी मेहमानों के लिए रात्रि भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था गार्डन के अंतिम 7वें टैरेस पर की गई है। विदेशी मेहमान गार्डन में प्रवेश करने के उपरांत गार्डन की छह मंजिलों को पार करते हुए 7वीं मंजिल पर पहुंचेंगे जहां पर वह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाएंगे।

### बारिश से तैयारी में पड़ सकता है खलल

संभावना जताई जा रही है कि 31 मार्च को बारिश होगी। यदि मेहमानों के पहुंचने के दौरान बारिश होती है तो उनके स्वागत में की गई तैयारियों में खलल पड़ सकता है। बारिश की संभावना को देखते हुए प्रशासन हर संभव तैयारी कर रहा है। इसके लिए रात्रि भोज स्थल पर वाटर प्रूफ टेंट की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा पहले टैरेस से 7वें टैरेस तक पहुंचने के लिए खुले आसमान के नीचे से ही जाना पड़ेगा और यदि उस दौरान बारिश होती है तो मेहमानों को 7वें टैरेस तक ले जाने में समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि स्थिति से निपटने के लिए छतरियों का इंतजाम किया जा रहा है।

# कोरोना के पांच नए मामले सामने आए, 17 एक्टिव केस मिले



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पंचकूला।** जिले में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को कोरोना के पांच नए मामले सामने आए हैं। जिला अस्पताल की ओर से 43 सैंपल लिए गए थे। वहीं, कोरोना के जिले में 17 एक्टिव केस हैं। पंचकूला सीएमओ डॉ. मुक्ता कुमार ने बताया कि जुकाम, बुखार के मरीजों की टेस्टिंग भी बढ़ाई गई है। वहीं, पंचकूला में कोवैक्सीन की 25 से 29 मार्च के बीच 860 डोज लोगों को लगाई गई है। कोविड पॉजिटिव आए मरीजों को घर में क्वारंटीन किया गया है। कोवैक्सीन की 530 डोज बची हुई हैं। इसे लगातार लोगों को शहर की डिस्पेंसरी सेक्टर-11, 12 में लगाया जा रहा है। पंचकूला वैक्सीनेशन इंचार्ज मीनू सासन ने बताया कि लगातार विभाग की ओर से टीकाकरण किया जा रहा है।

### विभाग की ओर से जारी की गई हैं गाइडलाइन

पंचकूला सीएमओ मक्ता कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से गाइडलाइन जारी की गई हैं कि सभी कर्मचारियों को अस्पताल में मास्क लगाकर आना होगा। अगर कोई भी कर्मचारी और डॉक्टर इस नियम की अवहेलना करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कल से बदलेगा शहर के सरकारी स्कूलों का समय

**चंडीगढ़।** शहर के सरकारी स्कूलों के समय बदलने को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसीलिए अब 1 अप्रैल से शहर के स्कूलों में दोनों शिफ्टों का समय बदल दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार सिंगल शिफ्ट स्कूलों में स्टाफ के लिए समय सुबह 7.50 से लेकर दोपहर 2.10 तक रहेगा। बच्चों के लिए समय सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक रहेगा। डबल शिफ्ट (कक्षा 6वीं से आगे) के स्कूलों में स्टाफ का समय सुबह 7.15 से लेकर दोपहर 1.35 तक रहेगा। बच्चों के लिए सुबह की शिफ्ट का समय सुबह 7.15 से लेकर दोपहर 12.45 तक रहेगा। इस प्रकार शाम की शिफ्ट में (कक्षा एक से पांचवीं तक) स्टाफ के लिए समय सुबह 11.10 से लेकर सांय 5.30 तक रहेगा, जिसमें बच्चों के लिए समय दोपहर 1 बजे से लेकर सायं 5.30 तक रहेगा। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों को आदेश जारी कर दिए है।




**आयोजन**

वैश्विक कृषि विकास के लिए आम सहमति विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला

# माननीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री ने चंडीगढ़ में दूसरी कृषि प्रतिनिधि बैठक में प्रतिनिधियों को संबोधित किया




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की दूसरी कृषि प्रतिनिधि बैठक 29 से 31 मार्च 2023 तक चंडीगढ़ में चल रही है। इस कार्यक्रम में 19 सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी देखी गई है।

आज 30 मार्च को माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री, श्री सोम प्रकाश ने प्रतिनिधियों को संबोधित किया और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए आम सहमति विकसित करने में विश्वास व्यक्त किया। उद्घाटन सत्र के दौरान, माननीय मंत्री, श्री सोम प्रकाश ने चंडीगढ़ में दूसरे एडीएम में शानदार व्यवस्था के लिए भारतीय प्रेसीडेंसी की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों का उनकी बहुमूल्य भागीदारी के लिए स्वागत किया और उद्घाटन वीडियो की सराहना की, जिसने खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। माननीय मंत्री सोम प्रकाश ने अपने संबोधन में मसौदा विज्ञप्ति पर उपयोगी चचाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा रबैठक में चर्चा कृषि क्षेत्र के विकास के लिए आगे बढ़ने के रास्ते पर आम सहमति बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगी, और मुझे विश्वास है कि हम इसे हासिल करेंगे।

हमें 'वैश्विक कृषि परिदृश्य की चुनौतियों से निपटने और क्षेत्र के सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए 'वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर' की भावना से मिलकर काम करने की जरूरत है। दूसरे एडीएम के सदस्य देश चार विषयगत क्षेत्रों, अर्थात खाद्य सुरक्षा और पोषण, जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण के साथ टिकाऊ कृषि, समावेशी कृषि मूल्य श्रृंखला और खाद्य प्रणाली, और कृषि परिवर्तन के लिए डिजिटलीकरण को संबोधित करते हुए विज्ञप्ति का मसौदा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

अपनी समापन टिप्पणीयों में, माननीय मंत्री, श्री सोम प्रकाश ने प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ में एक शानदार अनुभव की कामना की और आशा व्यक्त की कि वे सुखना झील और यादविंद्रा गार्डन, पिंजौर में सांस्कृतिक कार्यक्रम और व्यंजनों के साथ नियोजित यात्राओं और भ्रमण का आनंद लेंगे। चंडीगढ़ में दूसरे एडीएम द्वारा वैश्विक कृषि परिदृश्य की चुनौतियों और अवसरों को संबोधित करने के लिए एक रोडमैप के रूप में कार्य करने वाली विज्ञप्ति के साथ, कृषि क्षेत्र के विकास के लिए आगे बढ़ने पर आम सहमति के लिए नींव रखने की उम्मीद है।